श्रीजिनदत्तसूरिप्राचीनपुस्तकोद्धारफण्ड (सुरत) ग्रन्थाङ्क— ४१.

॥ अर्हम् ॥

श्रीखरतरगच्छगगनावभासक-यवनसम्राट्सुलतानमहम्मदप्रतिबोधक-
महाप्रभावक-श्रीमज्जिनप्रभसूरिकृता

विधिमार्गप्रपा

नाम

सुविहित सामाचारी ।

श्री'सिंघीजैनग्रन्थमाला'-'जैनसाहित्यसंशोधकग्रन्थमाला'-'पुरातत्त्वमन्दिरग्रन्थावलि'-'भारतीयविद्याग्रन्थावलि'-इत्यादिनानाग्रन्थश्रेण्यन्तर्गत-प्राकृत-संस्कृत-पाली-अपभ्रंश-हिन्दी-गुजरातीभाषाभूषितानेकानेक-ग्रन्थसमूहसंशोधन-संपादनकार्यनिष्ठेन तथैव भाण्डारकरप्राच्यविद्यासंशोधनमन्दिर-(पूना)-गुजरातसाहित्यसभा (अमदाबाद)-संप्राप्तसम्मान्यसदस्यपद-द्वादशगुजरातीसाहित्य-सम्मेलनायोजित-इतिहास-पुरातत्त्वविभागप्रासाध्यक्षस्थान-प्रथमराजस्थानहिन्दी-साहित्यसम्मेलन (उदयपुर) समधिष्ठितप्रधानसभापतित्वादिनाना-विधवाङ्मयप्रवृत्त्या विद्वन्मण्डलसुप्रतिष्ठेन

मुनिजनविनेयेन

श्री जिन विज येन

विविधपाठान्तर-परिशिष्टादिभिः समलङ्कृत्य

संपादिता

सा च

खरतरगच्छाचार्य्यवर्य्यश्रीमज्जिनकृपाचन्द्रसूरीश्वरशिष्यरत्न-उपाध्यायपदालङ्कृत-

श्रीमत्-सुखसागरजीमुनिवरकृतोपदेशात्

श्रेष्ठिवर्य्य-रायबहादुर-केशरिसिंह-बुद्धिसिंह,-जेठाभाई-कसलचन्द,-हरजीवन-गोपालजी
इत्यादिश्राद्धवर्यैर्विहितेन द्रव्यसाहाय्येन

भगतोपाह्व-जहेरी-मूलचन्द्र-हीराचन्द्रेण

मुम्बय्यां निर्णसागराख्यमुद्रणयन्त्रालये मुद्रापयित्वा प्रकाशिता ।

विक्रमसंवत् १९९७ [प्रतयः ५०० वितीर्णीकृताः] ई. सन् १९४१

विधिप्रपाके द्रव्यसाहाय्यक महाशयोंकी शुभ नामावली–

३५१) रायबहादुर, दिवानबहादुर, केशरीसिंहजी-बुद्धिसिंहजी, रतलाम.
२५१) सेठ जेठाभाई कसलचन्द, जामनगर. (काठियावाड)
२०१) सेठ हरजीवन गोपालजी, जामनगर. (काठियावाड)
१००) सेठ लघुरामजी आसकरण, लोहावट. (मारवाड)
६१) सेठ हजारीमल कँवरलाल, लोहावट. (मारवाड)
६१) सेठ जीवराज अगरचन्द, फलोधी (,,)
५१) सेठ लक्ष्मीचंद संखलेचा, जावद. (मालवा)

*

Published by Jaweri Mulchand Hirachand Bhagat,
Mahavir Swami's Temple, Pydhuni Bombay.

Printed by Ramchandra Yesu Shedge, at the Nirnaya-
sagar Press, 26-28 Kolbhat street, Bombay.

*

पुस्तक मिलनेका पता–

श्रीजिनदत्तसूरिज्ञानभण्डार

ठि० ओसवाल मोहल्ला, गोपीपुरा

सुरत (द० गुजरात)

निवेदन

भारतीय साहित्य क्षेत्र में जैन साहित्य का स्थान सर्वोपरि है। जैन साहित्य में विविधता है, मधुरता है और अनेक दृष्टियों से महत्त्व पूर्ण है। अपूर्णता इस बात की है कि जैन साहित्य चाहिए वैसे अच्छे ढंगसे बहुत ही कम प्रकाशित हुआ है। आज के इस परिवर्त्तन-शील युग में यह बात बताने की आवश्यता नहीं है कि मानव जीवन में साहित्य का स्थान कितना ऊंचा है। धार्मिक इत्यादि उन्नति एक मात्र साहित्य पर निर्भर है। साहित्य मानव जीवन के महत्त्वपूर्ण अंगों में से है।

जैनधर्म के विधि-विधान के प्राचीन ग्रंथों में विधि-मार्ग प्रपा का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह जान कर बड़ी प्रसन्नता होगी कि श्रीखरतरगच्छालंकार अनेक ग्रंथ निर्माताश्री जिनप्रभ सूरि जी जैसे अद्वितीय विद्वान् महापुरुष की प्रस्तुत कृति पुज्यगुरुवर्य्य उ० सुखसागरजी मा० की शुभेच्छानुसार भारतीय इतिहास के मर्मज्ञ विद्वान्, विविधवाङ्मयोपासक एवं विविध ग्रंथमालाओं के सम्पादक, साक्षरवर्य श्रीमान् जिनविजयजी द्वारा सुसम्पादित हो कर प्रकाशित हो रही है जो सचमुच प्रत्येक साहित्यप्रेमि के लिये हर्षका विषय है। साथ ही में बीकानेर निवासी श्रीयुत अगरचंदजी और भंवरलालजी नाहटा लिखित प्रस्तुत कृति के निर्माता का जीवनवृत्त संयोजित होनेसे ग्रंथ की महत्ता और भी बढ़ गई है। उक्त तीनों महाशयों को हृदय पूर्वक धन्यवाद देते हैं और इस कृति के प्रकाशन में जिनजिन महानुभावोंने द्रव्य विषयक सहायता पंहुचा कर जो प्रशंसनीय कार्य किया है वह आदरणीय नहीं अनुकरणीय है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में से हंसक्षीर न्यायानुसार सार ग्रहण कर सम्पादक महाशय के महान् परिश्रम को सफल करेंगे यही शुभेच्छा।

वि. सं. १९९८, अक्षय तृतीया
सिवनी (सी. पी.)

शुभेच्छक,
मुनि मंगल सागर.

विधिप्रपागतविषयानुक्रमणिका ।

खरतरगच्छालङ्कार स्व० आ० श्रीमज्जिनकृपाचन्द्रसूरि

श्रीमज्जिनप्रभसूरिमूर्तिप्रतिकृति

संपादकीय प्रस्तावना ।

सिंघी जैन ग्रन्थ मालामें प्रकाशित श्रीजिनप्रभसूरिकृत विविधतीर्थकल्प नामक अद्वितीय ग्रन्थका संपादन करते समय ही हमारे मनमें इनके बनाये हुए ऐसे ही महत्त्वके इस विधिप्रपा नामक ग्रन्थका संपादन करनेका भी संकल्प हुआ था और इसके लिये हमने इस ग्रन्थकी हस्तलिखित प्रतियां भी इकट्ठी करनेका प्रयत्न करना प्रारंभ किया था। इतनेमें, संवत् १९९५ में, बंबईके महावीर स्वामीके मन्दिरमें चातुर्मासार्थ रहे हुए सौम्यमूर्ति उपाध्यायवर्य श्रीसुखसागरजी महाराज व उनके साहित्यप्रकाशनप्रेमी शिष्यवर श्रीमुनि मंगलसागरजीसे साक्षात्कार हुआ, और प्रासङ्गिक वार्तालाप करते हुए हमने इनके पास विधिप्रपाकी कोई अच्छी प्रतिके होनेकी पृच्छा की। इस पर उपाध्यायजी महाराजने इच्छा प्रकट की कि–"इस ग्रन्थको प्रकाशित करनेकी तो हमारी भी बहुत समयसे प्रबल इच्छा हो रही है और यदि आप इस कामको हाथमें लें तो हमारे लिये बहुत ही आनन्द और अभिमानकी बात होगी; और हम श्रीजिनदत्तसूरि-प्राचीन-पुस्तकोद्धार फण्ड की ओरसे इसके प्रकाशित करनेका बडे प्रमोदसे प्रबन्ध करेंगे"–इत्यादि। चूं कि यह ग्रन्थ खरतर गच्छके एक बहुत बडे प्रभाविक आचार्यकी प्रमाणभूत कृति है और इसमें खास करके इस गच्छकी सामाचारीके सम्मत विधि-विधानोंका ही गुम्फन किया हुआ है इसलिये यदि यह श्रीजिनदत्तसूरि-प्राचीन-पुस्तकोद्धार-ग्रन्थावलिमें गुम्फित हो कर प्रकाशित हो तो और भी विशेष उचित और प्रशस्त होगा–ऐसा सोच कर हमने उपाध्यायजी महाराजकी आदरणीय इच्छाका सहर्ष स्वीकार कर लिया और इनके सौजन्यपूर्ण सौहार्दभावके वशीभूत हो कर हमने, इस ग्रन्थका यह प्रस्तुत संपादन कर, इनकी स्नेहाङ्कित आज्ञाका, इस प्रकार यथाशक्ति सादर पालन किया।

उपाध्यायजीकी यह प्रबल उत्कंठा थी कि इनके बंबईके वर्षानिवास दरम्यान ही इस ग्रन्थका प्रकाशन हो जाय तो बहुत ही अच्छा हो, पर हम इसको इतना शीघ्र पूरा न कर सके। क्यों कि हमारे हाथमें सिंघी जैन ग्रन्थमालाके अनेकानेक ग्रन्थोंका समकालीन संपादनकार्य भरपूर होनेके अतिरिक्त, बम्बईमें नवीन प्रस्थापित भारतीय विद्याभवनकी ग्रन्थावलि और 'भारतीय विद्या' नामक संशोधन विषयक प्रतिष्ठित त्रैमासिक पत्रिकाका विशिष्ट संपादन-कार्य भी हमारे ऊपर निर्भर है, इसलिये प्रस्तुत ग्रन्थके संपादनमें कुछ विलंब होना अनिवार्य था।

*

ग्रन्थका नामाभिधान।

इस ग्रन्थका संपूर्ण नाम, जैसा कि ग्रन्थकी सबसे अन्तकी गाथामें सूचित किया गया है, विधिमार्गप्रपा नाम सामाचारी (विहिमग्गपवा नामं सामायारी, देखो पृ० १२०, गाथा १६) ऐसा है। पर इसकी पुरानी सब प्रतियोंमें तथा अन्यान्य उल्लेखोंमें भी संक्षेपमें इसका नाम 'विधिप्रपा' ऐसा ही प्रायः लिखा हुआ मिलता है; इसलिये हमने भी मूल ग्रन्थमें इसका यही नाम सर्वत्र मुद्रित किया है; पर वास्तवमें ग्रन्थकारका निजका किया हुआ पूर्ण नामाभिधान अधिक अन्वर्थक और संगत मालूम देता है, इसलिये पुस्तकके मुखपृष्ठ पर यह नाम मुद्रित करना अधिक उचित समझा है। इस 'विधिमार्ग' शब्दसे ग्रन्थकारका खास विशिष्ट अभिप्राय उद्दिष्ट है। सामान्य अर्थमें तो 'विधिमार्ग' का 'क्रियामार्ग' ऐसा ही अर्थ विवक्षित होता है, पर यहांपर विशेष अर्थमें खरतरगच्छीय विधि-क्रिया-मार्ग ऐसा भी अर्थ अभिप्रेत है। क्यों कि खरतर गच्छका दूसरा नाम विधिमार्ग है और इस सामाचारीमें जो विधि-विधान प्रतिपादित किये गये हैं वे प्रधानतया खरतर गच्छके पूर्व आचार्यों द्वारा स्वीकृत और सम्मत हैं। इन विधि-विधानोंकी प्रक्रियामें और और गच्छके आचार्योंका कहीं कुछ मतभेद हो सकता है और है भी सही। अतएव ग्रन्थकारने स्पष्ट रूपसे इसके नाममें किसीको कुछ भ्रान्ति न हो इसलिये इसका 'विधिमार्गप्रपा' ऐसा अन्वर्थक नामकरण किया है। तदुपरान्त, ग्रन्थकारने, ग्रन्थकी प्रशस्तिकी प्रथम गाथामें, यह भी सूचित किया है कि–'भिन्न भिन्न गच्छोंमें प्रवर्तित अनेकविध सामाचारियोंको देख कर शिष्योंको किसी प्रकारका मतिभ्रम न हो इसलिये अपने गच्छकी प्रतिबद्ध ऐसी यह सामाचारी हमने लिखी है।' इसलिये इसका यह 'विधिमार्ग प्रपा' नाम सर्वथा सुन्दर, सुसंगत और वस्तुसूचक है ऐसा कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

इस ग्रन्थकी विशिष्टता।

यों तो श्रीजिनप्रभ सूरिकी – जैसा कि इसके साथमें दिये हुए उनके चरित्रात्मक निबन्धसे ज्ञात होता है – साहित्यिक कृतियां बहुत अधिक संख्यामें उपलब्ध होती हैं; पर उन सबमें, इनकी ये दो कृतियां सबसे अधिक महत्त्वकी और मौलिक हैं – एक तो 'विविध तीर्थ कल्प'; और दूसरी यह 'विधिमार्गप्रपा सामाचारी'। 'विविधतीर्थ कल्प' नामक ग्रन्थके महत्त्वके विषयमें, संक्षेपमें पर सारभूत रूपसे, हमने अपनी संपादित आवृत्तिकी प्रस्तावनामें लिखा है, इसलिये उसकी यहांपर पुनरुक्ति करनेकी कोई आवश्यकता नहीं। यह विधिप्रपा ग्रन्थ कैसा महत्त्वका शास्त्र है इसका परिचय तो जो इस विषयके जिज्ञासु और मर्मज्ञ हैं उनको इसका अवलोकन और अध्ययन करनेहीसे ठीक ज्ञात हो सकता है। स्व० जर्मन विद्वान् प्रो० वेबरने जो 'सेक्रेड बुकस् ऑफ दी जैनस्' इस नामका सुप्रसिद्ध और सुपठित ऐसा जैनागमोंका परिचायक मौलिक निबन्ध लिखा है उसमें मुख्य आधार इसी ग्रन्थका लिया है।

*

ग्रन्थका रचना-समय।

जिनप्रभ सूरिने इस ग्रन्थकी रचना समाप्ति वि. सं. १३६३ के विजयादशमीके दिन, कोशला अर्थात् अयोध्या नगरीमें की है। इसकी प्रथम प्रति उनके प्रधान शिष्य वाचनाचार्य उदयाकर गणिने अपने हाथसे लिखी थी।

यह कृति उनकी प्रौढावस्थामें बनी हुई प्रतीत होती है। जैसा कि उनके जीवनचरित्रविषयक उल्लेखोंसे ज्ञात होता है, उन्होंने वि. सं. १३२६ में दीक्षा ली थी; अतः इस ग्रन्थके बनानेके समय उनका दीक्षापर्याय प्रायः ३७ वर्ष जितना हो चुका था। इस दीर्घ दीक्षाकालमें उन्होंने अनेक प्रकारके विधि – विधान स्वयं अनुष्ठित किये होंगे और सैंकडों ही साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविकाओंको कराये होंगे, इसलिये उनका यह ग्रन्थसन्दर्भ, स्वयं अनुभूत एवं शास्त्र और संप्रदायगत विशिष्ट परंपरासे परिज्ञात ऐसे विधानोंका एक प्रमाणभूत प्रणयन है। इसमें उन्होंने जगह जगह पर कई पूर्वाचार्योंके कथनोंको उल्लिखित किया है और प्रसङ्गवश कुछ तो पूरे के पूरे पूर्वरचित प्रकरण ही उद्धृत कर दिये हैं। उदाहरणके लिये – उपधानविधिमें, मानदेवसूरिकृत पूरा 'उवहाणविही' नामक प्रकरण, जिसकी ५४ गाथायें हैं, उद्धृत किया गया है। उपधानप्रतिष्ठा प्रकरणमें, किसी पूर्वाचार्यका बनाया हुआ 'उवहाण-पइट्ठापंचासय' नामक प्रकरण अवतारित है, जिसकी ५१ गाथायें हैं। पौषधविधि प्रकरणमें, जिनवल्लभसूरिकृत विस्तृत 'पोसहविहिपयरण'का, १५ गाथाओंमें पूरा सार दे दिया है। नन्दिरचनाविधिमें, ३६ गाथाका 'अरिहाणादिथुत्त' उद्धृत किया है। योगविधिमें, उत्तराध्ययनसूत्रका 'असंखयं' नाम १३ पद्योंवाला ४ था अध्ययन उद्धृत कर दिया है। प्रतिष्ठाविधिमें, चन्द्रसूरिकृत ७ प्रतिष्ठा संग्रहकाव्य, तथा कथारत्नकोश नामक ग्रन्थमेंसे ५० गाथावाला 'ध्वजारोपणविधि' नामक प्रकरण उद्धृत किया गया है। और ग्रन्थके अन्तमें जो अंगविद्यासिद्धिविधि नामक प्रकरण है वह सैद्धान्तिक विनयचन्द्रसूरिके उपदेशसे लिखा गया है। इस प्रकार, इस ग्रन्थमें जो विधि-विधान प्रतिपादित किये गये हैं वे पूर्वाचार्योंके संप्रदायानुसार ही लिखे गये हैं, न कि केवल स्वमतिकल्पनानुसार – ऐसा ग्रन्थकारका इसमें स्पष्ट सूचन है। जिनको जैन संप्रदायगत गण – गच्छादिके भेदोपभेदोंके इतिहासका अच्छा ज्ञान है उनको ज्ञात है कि, जैन मतमें जो इतने गच्छ और संप्रदाय उत्पन्न हुए हैं और जिनमें परस्पर बडा तीव्र विरोधभाव व्याप्त हुआ ज्ञात होता है, उसमें मुख्य कारण ऐसे विधि-विधानोंकी प्रक्रियामें मतभेद का होना ही है। केवल सैद्धान्तिक या तात्त्विक मतभेदके कारण वैसा बहुत ही कम हुआ है।

*

ग्रन्थगत विषयोंका संक्षिप्त परिचय।

जैसा कि इसके नामसे ही सूचित होता है – यह ग्रन्थ, साधु और श्रावक जीवनमें कर्तव्य ऐसी नित्य और नैमित्तिक दोनों ही प्रकारकी क्रिया-विधियोंके मार्गमें संचरण करनेवाले मोक्षार्थी जनोंकी जिज्ञासारूप तृष्णाकी तृप्तिके लिये एक सुन्दर 'प्रपा' समान है। इसमें सब मिला कर मुख्य ४१ द्वार यानि प्रकरण हैं। इन द्वारोंके नाम, ग्रन्थके अन्तमें, स्वयं शास्त्रकारने १ से ६ तककी गाथाओंमें सूचित किये हैं। इन मुख्य द्वारोंमें कहीं कहीं कितनेक अवान्तर द्वार भी सम्मिलित हैं जो यथास्थान उल्लिखित किये गये हैं। इन अवान्तर द्वारोंका नामनिर्देश, हमने विषयानुक्रमणिकामें कर दिया है। उदाहरणके तौर पर, २४ वें 'जोगविही' नामक प्रकरणमें, दशवैकालिक आदि सब सूत्रोंकी योगोद्वहन-

क्रियाका वर्णन करनेवाले भिन्न भिन्न विधान-प्रकरण हैं; और ३४ वें 'आलोयणविही' संज्ञक प्रकरणमें ज्ञानातिचार, दर्शनातिचार आदि आलोचना विषयक अनेक भिन्न भिन्न अन्तर्गत प्रकरण हैं। इसी तरह ३५ वें 'पइट्ठाविही' नामक प्रकरणमें अञ्जनशलाकाविधि, कलशारोपणविधि, ध्वजारोपणविधि—आदि कई एक आनुषंगिक विधियोंके स्वतंत्र प्रकरण सन्निविष्ट हैं।

इन ४१ द्वारों—प्रकरणोंमेंसे प्रथमके १२ द्वारोंका विषय, मुख्य करके श्रावक जीवनके साथ संबंध रखनेवाली क्रिया-विधियोंका विधायक है; १३ वें द्वारसे ले कर २९ वें द्वार तकमें विहित क्रिया-विधियां प्रायः करके साधु जीवनके साथ संबंध रखतीं हैं और आगेके ३० वें द्वारसे लेकर अन्तके ४१ वें द्वार तकमें वर्णित क्रिया-विधान, साधु और श्रावक दोनोंके जीवनके साथ संबंध रखनेवालीं कर्तव्यरूप विधियोंके संग्राहक हैं।

यहां पर संक्षेपमें इन ४१ ही द्वारोंका कुछ परिचय देना उपयुक्त होगा।

१ पहले द्वारमें, सबसे प्रथम, श्रावकको किस तरह सम्यक्त्वव्रत ग्रहण करना चाहिये—इसकी विधि बतलाई गई है। इस सम्यक्त्वव्रतग्रहणके समय श्रावकके लिये जीवनमें किन किन नित्य और नैमित्तिक धर्मकृत्योंका करना आवश्यक हैं और किन किन धर्मप्रतिकूल कृत्योंका निषेध करना उचित है, यह संक्षेपमें अच्छी तरह बतलाया गया है।

२ दूसरे द्वारमें, सम्यक्त्वव्रतका ग्रहण किये बाद, जब श्रावकको देशविरति व्रतके अर्थात् श्रावकधर्मके परिचायक ऐसे १२ व्रतोंके ग्रहण करनेकी इच्छा हो, तब उनका ग्रहण कैसे किया जाय—इसकी क्रिया-विधि बतलाई है। इसका नाम 'परिग्रहपरिमाणविधि' है—क्यौं कि इसमें मुख्य करके श्रावकको अपने परिग्रह यानि स्थावर और जंगम ऐसी संपत्तिकी मर्यादाका विशेषरूपसे नियम लेना आवश्यक होता है और इसीलिये इसका दूसरा प्रधान नाम परिग्रहपरिमाणविधि रखा गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि इस प्रकारका परिग्रहपरिमाणव्रत लेनेवाले श्रावक या श्राविकाको अपने नियमकी सूचिवाली एक टिप्पणी (याद्दी—सूचि) बना लेनी चाहिये और उसमें नियमोंकी सूचिके साथ यह लिखा रहना चाहिये कि यह व्रत मैंने अमुक आचार्यके पास अमुक संवत्के अमुक मास और तिथिके दिन ग्रहण किया है—इत्यादि।

३ तीसरे द्वारमें, इस प्रकार देशविरति यानि श्रावकधर्मव्रत लेनेके बाद श्रावकको कभी छ महिनेका सामायिक व्रत भी लेना चाहिये, यह कहा गया है और इसकी ग्रहणविधि बतलाई गई है।

४ चौथे द्वारमें, सामायिकव्रतके ग्रहण और पारणकी विधि कही गई है। वह विधि प्रायः सबको सुज्ञात ही है।

५ पांचवें द्वारमें, उपधान विषयक क्रियाका विस्तृत वर्णन और विधान है। इसके प्रारंभमें कहा गया है कि—कोई कोई आचार्य इस प्रसंगमें, श्रावककी जो १२ प्रतिमायें शास्त्रोंमें प्रतिपादित की हुई हैं, उनमेंसे प्रथमकी ४ प्रतिमाओंका ग्रहण करना भी विधान करते हैं; परंतु, वह हमारे गुरुओंको सम्मत नहीं है। क्यौं कि शास्त्रकारोंने ऐसा कहा है कि वर्तमान कालमें प्रतिमाग्रहणरूप श्रावकधर्म व्युच्छिन्नप्राय हो गया है, इसलिये इसका विधान करना उचित नहीं है।

६ उक्त उपधान विधिमें, मुख्य रूपसे पंचमंगलका उपधान वर्णित किया गया है, इसलिये ६ ठे द्वारमें उसकी सामाचारी बतलाई गई है।

७ उपधान तपकी समाप्तिके उद्यापनरूपमें मालारोपणकी क्रिया होनी चाहिये, इसलिये ७ वें द्वारमें, विस्तारके साथ मालारोपणकी विधि बतलाई गई है। इस विधिमें मानदेवसूरिरचित ५४ गाथाका 'उवहाणविही' नामका पूरा प्राकृत प्रकरण, जो महानिशीथ नामक आगममूल सिद्धान्तके आधार परसे रचा गया है, उद्धृत किया गया है।

८ इस महानिशीथ सिद्धान्तकी प्रामाणिकताके विषयमें प्राचीन कालसे कुछ आचार्योंका विशिष्ट मतभेद चला आ रहा है, और वे इस उपधानविधिको अनागमिक कहा करते हैं, इसलिये ८ वें द्वारमें, इस विधिके समर्थनरूप 'उवहाणपइट्ठापंचासय' (उपधानप्रतिष्ठापंचाशक) नामका ५१ गाथाका एक संपूर्ण प्रकरण, जो किसी पूर्वाचार्यका बनाया हुआ है, उद्धृत कर दिया है। इस प्रकरणमें महानिशीथ सूत्रकी प्रामाणिकताका यथेष्ट प्रतिपादन किया गया है।

९ वें द्वारमें, श्रावकको पर्वादिके दिन पौषध व्रत लेना चाहिये, इसका विधान है और इस व्रतके ग्रहण-पारणकी विधि बतलाई गई है। इसके अन्तकी गाथामें कहा है कि श्रीजिनवल्लभसूरिने जो पौषधविधि-प्रकरण बनाया है उसीके आधार पर यहांपर यह विधि लिखी गई है। जिनको विशेष कुछ जाननेकी इच्छा हो वे उक्त प्रकरण देखें।

१० वें प्रकरणमें, प्रतिक्रमणसामाचारीका वर्णन दिया गया है, जिसमें दैवसिक, रात्रिक और पाक्षिक (इसीमें चातुर्मासिक और सांवत्सरिक भी सम्मिलित है) इन तीनों प्रतिक्रमणोंकी विधियोंका यथाक्रम वर्णन ग्रथित है।

११ वें द्वारमें, तपोविधिका विधान है। इसमें कल्याणक तप, सर्वांगसुन्दर तप, परमभूषण, आयतिजनक, सौभाग्यकल्पवृक्ष, इन्द्रियजय, कषायमथन, योगशुद्धि, अष्टकर्मसूदन, रोहिणी, अंबा, ज्ञानपंचमी, नन्दीश्वर, सत्यसुखसंपत्ति, पुण्डरीक, मातृ, समवसरण, अक्षयनिधि, वर्द्धमान, दवदन्ती, चन्द्रायण, भद्र, महाभद्र, भद्रोत्तर, सर्वतोभद्र, एकादशांग-द्वादशांग आराधन, अष्टापद, वीशस्थानक, सांवत्सरिक, अष्टमासिक, षाण्मासिक-इत्यादि अनेक प्रकारके तपोंकी विधिका विस्तृत वर्णन दिया गया है। इसके अन्तमें कहा गया है कि इन तपोंके अतिरिक्त कई लोक, माणिक्यप्रस्तारिका, मुकुटसप्तमी, अमृताष्टमी, अविधवादशमी, गोयमपडिग्गह, मोक्षदण्डक, अदुक्ख-दिक्खिया, अखण्डदशमी-इत्यादि नामके तपोंका भी आचरण करते दिखाई देते हैं; परंतु वे तप आगमविहित न होनेसे हमने उनका यहांपर वर्णन नहीं दिया है। इसी तरह एकावली, कनकावली, रत्नावली, मुक्तावली, गुणरत्न-संवत्सर, क्षुल्लमहल्ल सिंहनिष्क्रीडित आदि जो तप हैं उनका आचरण करना, अभी इस कालमें, दुष्कर होनेसे उनका भी कोई वर्णन नहीं किया गया है।

१२ तप आदिकी उक्त सब क्रियायें नन्दीरचनापूर्वक की जातीं हैं, इसलिये १२ वें द्वारमें, बहुत विस्तारके साथ नन्दीरचनाविधि वर्णित की गई है। इसमें अनेक स्तुति स्तोत्र आदि भी दिये गये हैं।

१३ वें द्वारमें, प्रव्रज्याविधि अर्थात् साधुधर्मकी दीक्षाविधिका विशिष्ट विधान बताया गया है।

१४ प्रव्रज्या लिये बाद साधुको यथासमय लोच (केशोत्पाटन) करना चाहिये, इसलिये १४ वें द्वारमें, लोचक-रणकी विधि बतलाई गई है।

१५ प्रव्रजितको 'उपयोगविधि' पूर्वक ही शास्त्रोंमें भक्त-पानका ग्रहण करना विहित है, इसलिये १५ वें द्वारमें यह 'उपयोगविधि' बतलाई गई है।

१६ इस तरह उपयोगविधि करनेके बाद, नवदीक्षित साधुको, सबसे प्रथम भिक्षा ग्रहण करनेके लिये जाना हो, तब कैसे और किस शुभ दिनको जाना चाहिये इसकी विधिके लिये, १६ वें द्वारमें, 'आदिम-अटन-विधि'का वर्णन दिया गया है।

१७-१८ नवदीक्षित साधुको आवश्यक तप और दशवैकालिक तप करा कर फिर उसे उपस्थापना (बडी दीक्षा) दी जाती है, और उसे मण्डलीमें स्थान दिया जाता है, इसलिये, इसके बादके दो प्रकरणोंमें, इस मंडली तप और उपस्थापना विधिका विधान बतलाया गया है।

१९ उपस्थापना होनेके बाद, साधुको सूत्रोंका अध्ययन करना चाहिये; और यह सूत्राध्ययन विना योगोद्वहनके नहीं किया जाता, इसलिये १९ वें द्वारमें, योगोद्वहन विधिका सविस्तर वर्णन दिया गया है। यह योगविधि द्वार बहुत बडा है। इसमें पहले स्वाध्याय करनेकी विधि बतलाई गई है; और यह स्वाध्याय कालग्रहणपूर्वक करना विहित है, अतः उसके साथ कालग्रहण करनेकी विधि भी कही गई है। इसके बाद, आवश्यकादि प्रत्येक सूत्रका पृथक् पृथक् तपोविधान बतलाया गया है। इस विधानमें प्रायः सब ही सूत्रोंका संक्षेपमें अध्ययनादिका निर्देश कर दिया गया है। इसके अन्तमें, इस समग्र योगविधिका सूत्ररूपसे विवेचन करनेवाला ६८ गाथाका पूरा 'जोगविहाण' नामका प्रकरण दिया गया है, जो शायद ग्रन्थकारकी निजकी ही एक स्वतंत्र रचना है।

२० यह योगोद्वहन 'कप्पतिप्प' सामाचारीकी क्रियापूर्वक किया जाता है, इसलिये २० वें द्वारमें, यह 'कप्पतिप्प' सामाचारी बतलाई गई है।

२१ इस प्रकार कप्पतिप्पविधिपूर्वक योगोद्वहन किये बाद, साधुको मूल ग्रन्थ, नन्दी, अनुयोगद्वार, उत्तराध्ययन, ऋषिभाषित, अंग, उपांग, प्रकीर्णक और छेद ग्रन्थ-आदि आगम शास्त्रोंकी वाचना करनी चाहिये, इसलिये २१ वें द्वारमें, इस आगमवाचनाकी विधि बतलाई गई है।

२२–२६ इस तरह आगमादिका पूर्ण ज्ञाता हो कर शिष्य जब यथायोग्य गुणवान् बन जाता है, तो उसे फिर वाच-नाचार्य, उपाध्याय एवं आचार्य आदिकी योग्य पदवी प्रदान करनी चाहिये, और साध्वीको प्रवर्तिनी अथवा महत्तराकी पदवी देनी चाहिये। इसलिये अनन्तरके द्वारोंमेंसे क्रमशः – २२वें द्वारमें वाचनाचार्य, २३ वेंमें उपाध्याय, २४ वेंमें आचार्य, २५ वेंमें महत्तरा और २६ वेंमें प्रवर्तिनी पदके देनेकी क्रियाविधि बतलाई गई है। इस विधिके प्रारंभमें यह भी स्पष्ट रूपसे कह दिया गया है कि किस योग्यतावाले साधुको वाचनाचार्य अथवा उपाध्याय एवं आचार्य आदिका पद देना उचित है। वाचनाचार्य अथवा उपाध्याय उसीको बनाना चाहिये, जो समग्र सूत्रार्थके ग्रहण, धारण और व्याख्यान करनेमें समर्थ हो; सूत्रवाचनामें जो पूरा परिश्रमी हो; प्रशान्त हो और आचार्य स्थानके योग्य हो। इस पदके धारकको, एक मात्र आचार्यके सिवाय अन्य सब साधु साध्वी – चाहे वे दीक्षापर्यायमें छोटे हों या बडे – वन्दन करें।

इस आचार्य पदके योग्य व्यक्तिका विधान करते हुए कहा है कि – जो साधु आचार, श्रुत, शरीर, वचन, वाचना, मतिप्रयोग, मतिसंग्रह और परिज्ञा रूप इन आठ गणिपदसे युक्त हो; देश, कुल, जाति और रूप आदि गुणोंसे अलं-कृत हो; बारह वर्षतक जिसने सूत्रोंका अध्ययन किया हो; बारह वर्षतक जिसने शास्त्रोंके अर्थका सार प्राप्त किया हो और बारह वर्षतक अपनी शक्तिकी परीक्षाके निमित्त जिसने देशपर्यटन किया हो – वह आचार्य बनने योग्य है और ऐसे योग्य व्यक्तिको आचार्यपद देना चाहिये। नन्दीरचना आदि विहित क्रियाविधिके साथ, निर्णीत लग्नमें, मूलाचार्य इस नव्य आचार्यको सूरिमन्त्र प्रदान करें। यह सूरिमन्त्र मूलमें भगवान् महावीर स्वामीने २१०० अक्षरप्रमाण ऐसा गौतमस्वामीको दिया था और उन्होंने उसे ३२ श्लोकके परिमाणमें गुम्फित किया था। इसका कालक्रमके प्रभावसे ह्रास हो रहा है और अन्तिम आचार्य दुःप्रसहके समयमें यह २॥ श्लोक परिमित रह जायगा। यह गुरुमुखसे ही पढा जाता है – पुस्तकमें नहीं लिखा जाता। ग्रन्थकार कहते हैं कि इस सूरिमन्त्रकी साधनाविधि देखना हो उसे हमारा बनाया हुआ 'सूरिमन्त्रकल्प' नामक प्रकरण देखना चाहिये।

यह आचार्यपद-प्रदानविधि बडा भावपूर्ण है। इसमें कहा गया है, कि जब इस प्रकार शिष्यको आचार्य पद देनेकी विधि समाप्तपर होती है तब खुद मूल आचार्य अपने आसन परसे उठ कर शिष्यकी जगह बैठें और शिष्य – नवीन पद धारक आचार्य – अपने गुरुके आसन पर जा कर बैठे। फिर गुरु अपने शिष्य – आचार्यको, द्वादशावर्तविधिसे वन्दन करें – यह बतलानेके लिये कि तुम भी मेरे ही समान आचार्यपदके धारक हो गये हो और इसलिये अन्य सभीके साथ मेरे भी तुम वन्दनीय हो। ऐसा कह कर गुरु उससे कहे कि, कुछ व्याख्यान करो – जिसके उत्तरमें नवीन आचार्य परिषद्के योग्य कुछ व्याख्यान करे और उसकी समाप्तिमें फिर सब साधु उसे वन्दन करें। फिर वह शिष्य उस गुरुके आसन परसे उठ कर अपने आसन पर जा कर बैठे, और गुरु अपने मूल आसन पर। बादमें गुरु, नवीन आचार्य-को शिक्षारूप कुछ उपदेशवचन सुनावे जिसको 'अनुशिष्टि' कहते हैं। इस अनुशिष्टिमें, गुरु नवीन आचार्यको किन किन बातोंकी शिक्षा देता है, इसका प्रतिपादन करनेके लिये जिनप्रभ सूरिने ५५ गाथाका एक स्वतंत्र प्रकरण दिया है जो बहुत ही भाववाही और सारगर्भित है। आचार्यको अपने समुदायके साथ कैसा व्यवहार रखना चाहिये और किस तरह गच्छकी प्रतिपालना करनी चाहिये – इसका बडा मार्मिक उपदेश इसमें दिया गया है। आचार्यको अपने चारित्रमें सदैव सावधान रहना चाहिये और अपने अनुवर्तियोंकी चारित्ररक्षाका भी पूरा खयाल रखना चाहिये। सब को समदृष्टिसे देखना चाहिये। किसी पर किसी प्रकारका पक्षपात न करना चाहिये। अपने और दूसरेके पक्षमें किसी प्रकारका विरोधभाव पैदा करे वैसा वचन कभी न बोलना चाहिये। असमाधिकारक कोई व्यवहार नहीं करना चाहिये। स्वयं कषायोंसे मुक्त होनेके लिये सतत प्रयत्नवान् रहना चाहिये – इत्यादि प्रकारके बहुत ही सुन्दर उपदेश-वचन कहे गये हैं जो वर्तमानके नामधारी आचार्योंके मनन करने योग्य हैं।

इसी तरहका सुन्दर शिक्षावचनपूर्ण उपदेश महत्तरा और प्रवर्तिनी पद प्राप्त करनेवाली साध्वीके लिये भी कहा गया है। प्रवर्तिनीको अनुशिष्टि देते हुए आचार्य कहते हैं कि – तुमने जो यह महत्तर पद ग्रहण किया है इसकी सार्थकता तभी होगी जब तुम अपनी शिष्याओंको और अनुगामिनी साध्वियोंको ज्ञानादि सद्गुणोंमें प्रवर्तन करा कर, उनके कल्याण पथकी मार्गदर्शिका बनोगी। तुम्हें न केवल उन्हीं साध्वियोंके हितकी प्रवृत्ति करनेमें प्रवर्तित होना चाहिये जो विदुषियां हैं, जिनका बडा खानदान है, जिनका बहुत बडा स्वजनवर्ग है, एवं जो सेठ, साहुकार आदि धनिकोंकी पुत्रियां हैं; पर तुम्हें उन साध्वियोंकी हित-प्रवृत्तिमें भी वैसे ही प्रवर्तित होना कर्तव्य है जो दीन और दुःखित दशामें हों, जो अज्ञान हों, शक्तिहीन हों, शरीरसे विकल हों, निःसहाय हों, बन्धुवर्गरहित हों, वृद्धावस्थासे जर्जरित हों और दुरवस्थामें पड जानेके कारण भ्रष्ट और पतित भी हों। इन सबकी तुम्हें गुरुकी तरह, अंगप्रतिचारिकाकी तरह, धायकी तरह, प्रियसखीकी तरह, भगिनी–जननी–मातामही एवं पितामही आदिकी तरह, वत्सलभाव हो कर प्रतिपालना करनी होगी।

२७ इसके बाद, २७ वें द्वारमें, गणानुज्ञाविधि बतलाई गई है। गणानुज्ञाका अर्थ है गणको अर्थात् समुदायको अनुज्ञा यानि निजकी आज्ञामें प्रवर्तन करानेका संपूर्ण अधिकार प्राप्त करना। यह अधिकार, मुख्याचार्यके कालप्राप्त होने पर अथवा अन्य किसी तरह असमर्थ हो जाने पर प्राप्त किया जाता है। इस विधिमें भी प्रायः वैसा ही भाव और उपदेशादि गर्भित है। इस गणानुज्ञापदकी प्राप्ति होने पर, फीर वही नवीन आचार्य गच्छका संपूर्ण अधिनायक बनता है और उसीकी आज्ञामें सारे संघको विचरण करना पडता है।

२८ इसके बादके २८ वें द्वारमें, वृद्ध होने पर और जीवितका अन्त समीप दिखाई देने पर, साधुको पर्यन्ताराधना कैसे करनी चाहिये और अन्तमें कैसे अनशन व्रत लेना चाहिये, इसका विधान बतलाया गया है। इसी विधिके अन्तमें, श्रावकको भी यह अन्तिम आराधना करनी बतलाई गई है।

२९ इस प्रकारकी अन्तिम आराधनाके बाद, जब साधु कालधर्म प्राप्त हो जाय तब फिर उसके शरीरका अन्तिम संस्कार कैसे किया जाय, इसकी विधिका वर्णन २९ वें महापारिट्ठावणिया नामक प्रकरणमें दिया गया है।

३० तदनन्तर, ३० वें द्वारमें, साधु और श्रावक दोनोंके व्रतोंमें लगनेवाले प्रायश्चित्तोंका बहुत विस्तृत वर्णन दिया गया है। इस प्रायश्चित्तविधानमें एक तरहसे प्रायः यति और श्राद्ध दोनों प्रकारके जीतकल्प ग्रन्थोंका पूरा सार आ गया है। इसमें श्रावकके सम्यक्त्व-मूल १२ व्रतोंका प्रायश्चित्त-विधान पूर्ण रूपसे दिया गया है और इसी तरह साधुके मूल गुण और उत्तर गुण आदि आचारोंमें लगनेवाले छोटे बडे सभी प्रायश्चित्तोंका यथेष्ट वर्णन किया गया है। साधुके भिक्षाविषयक दोषोंका विधान करनेवाला 'पिंडालोयणविहाण' नामक ७१ गाथाका एक बडा स्वतंत्र प्रकरण भी, नया बना कर, ग्रन्थकारने इसमें सन्निविष्ट कर दिया है; और इसी तरह एक दूसरा ६४ गाथाका 'आलोयणविही' नामका भी स्वतंत्र प्रकरण इस द्वारके अन्तभागमें ग्रथित किया है।

३१–३६ इसके बाद 'प्रतिष्ठाविधि' नामक बडा प्रकरण आता है जिसमें जिनबिम्बप्रतिष्ठा, कलशप्रतिष्ठा, ध्वजारोप, कूर्मप्रतिष्ठा, यन्त्रप्रतिष्ठा और स्थापनाचार्यप्रतिष्ठा – इस प्रकार ३१ से ले कर ३६ तकके ६ द्वारोंका समावेश होता है। इसीके अन्तर्गत अधिवासना अधिकार, नन्द्यावर्तस्थापना, जलानयनविधि – आदि भी प्रसंगोचित कई विधि-विधानोंका समावेश किया गया है। इसमें प्रतिष्ठोपयोगी सामग्रीका भी प्रमाणभूत निर्देश है और मन्त्र तथा स्तुति आदि वचनोंका भी उत्तम संग्रह है। प्रतिष्ठाविधिके लिये यह प्रकरण बहुत ही आधारभूत और सुविहित समझा जाने योग्य है।

३७ प्रतिष्ठा और अन्य बहुतसी क्रियाओंमें 'मुद्राकरण आवश्यक' होता है, इसलिये ३७ वें द्वारमें, भिन्न भिन्न प्रकारकी मुद्राओंका वर्णन लिखा गया है।

३८ नन्दीरचना और प्रतिष्ठाविषयक क्रियाओंमें ६४ योगिनियोंके यन्त्रादिका आलेखन किया जाता है, इसलिये ३८ वें द्वारमें, इन योगिनियोंके नाम बतलाये गये हैं।

३९ वें द्वारमें, 'तीर्थयात्रा' करने वालेको किस तरह यात्राविधि करना चाहिये और जो यात्रानिमित्त संघ नीकालना चाहे उसे किस विधिसे प्रस्थानादि कृत्य करने चाहिये—इस विषयका उपयुक्त विधान किया गया है। इसमें संघ नीकालने वालेको किस किस प्रकारकी सामग्रीका संग्रह करना चाहिये और यात्रार्थियोंको किस किस प्रकारकी सहायता पहुंचाना चाहिये—इत्यादि बातोंका भी संक्षेपमें पर सारभूत रूपमें ज्ञातव्य उल्लेख किया गया है।

४० वें द्वारमें, पर्वादि तिथियोंका पालन किस नियमसे करना चाहिये, इसका विधान, ग्रन्थकारने अपनी सामाचारीके अनुसार, प्रतिपादित किया है। इस तिथिव्यवहारके विषयमें, जुदा जुदा गच्छके अनुयायियोंकी जुदी जुदी मान्यता है। कोई उदय तिथिको प्रमाण मानता है, तो कोई बहुभुक्त तिथिको ग्राह्य कहता है। पाक्षिक, चातुर्मासिक और सांवत्सरिक पर्वके पालनके विषयमें भी इसी तरहका गच्छवासियोंका पारस्परिक बडा मतभेद है। इस मतभेदको ले कर प्राचीन कालसे जैन संप्रदायोंमें परस्पर कितनाक विरोधभावपूर्ण व्यवहार चला आता दिखाई देता है। श्रीजिनप्रभ सूरिने अपने इस ग्रन्थमें, उसी सामाचारीका प्रतिपादन किया है जो खरतर गच्छमें सामान्यतया मान्य है।

४१ वें द्वारमें, अंगविद्यासिद्धिकी विधि कही गई है। यह 'अंगविद्या' नामक एक शास्त्र है जो आगममें नहीं गिना जाता, पर इसका स्थान आगमके जितना ही प्रधान माना जाता है। इसलिये इसकी साधनाविधि यहांपर स्वतंत्र रूपसे बतलाई गई है। यह विधि ग्रन्थकारने, सैद्धान्तिक विनयचन्द्रसूरिके उपदेशसे ग्रथित की है, ऐसा इसके अंतिम उल्लेखमें कहा है।

इस प्रकार, विधिप्रपामें प्रतिपादित मुख्य ४१ द्वारोंका, यह संक्षिप्त विषयनिर्देश है। इस निर्देशके वाचनसे, जिज्ञासु जनोंको कुछ कल्पना आ सकेगी कि यह ग्रन्थ कितने महत्त्वका और अलभ्य सामग्रीपूर्ण है। इस प्रकारके अन्य अन्य आचार्योंके बनाये हुए और भी कितनेक विधि–विधानके ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं, पर वे इस ग्रन्थके जैसे क्रमबद्ध और विशद रूपसे बनाये हुए नहीं ज्ञात होते। इस प्रकारके ग्रन्थोंमें यह 'शिरोमणि' जैसा है ऐसा कहनेमें कोई अत्युक्ति नहीं होती।

*

ग्रन्थकार जिनप्रभ सूरि कैसे बडे भारी विद्वान् और अपने समयमें एक अद्वितीय प्रभावशाली पुरुष हो गये हैं इसका पूरा परिचय तो इसके साथ दिये हुए उनके जीवनचरित्रके पढनेसे होगा, जो हमारे स्नेहास्पद धर्मबन्धु बीकानेरनिवासी इतिहासप्रेमी श्रीयुत अगरचन्दजी और भंवरलालजी नाहटाका लिखा हुआ है। इसलिये इस विषयमें और कुछ अधिक लिखनेकी आवश्यकता नहीं है।

*

संपादनमें उपयुक्त प्रतियोंका परिचय।

इस ग्रन्थका संपादन करनेमें हमें तीन हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त हुई थीं—जिनमें मुख्य प्रति पूनाके भाण्डारकर प्राच्यविद्यासंशोधन मन्दिरमें संरक्षित राजकीय ग्रन्थसंग्रहकी थी। यह प्रति बहुत प्राचीन और शुद्धप्राय है। इसके अन्तमें लिखनेवालेका नामनिर्देश और संवतादि नहीं दिया गया, इसलिये यह ठीक ठीक तो नहीं कहा जा सकता कि यह कबकी लिखी हुई है; पर पत्रादिकी स्थिति देखते हुए प्रायः संवत् १५०० के आसपासकी यह लिखी हुई होगी ऐसा संभवित अनुमान किया जा सकता है। इस प्रतिका पीछेसे किसी तज्ज्ञ विद्वान् यतिजनने खूब अच्छी तरह संशोधन भी किया है और इसलिये यह प्रति शुद्धप्रायः है, ऐसा कहना चाहिये।

दूसरी प्रति श्रीमान् उपाध्यायवर्य श्रीसुखसागरजी महाराजके निजी संग्रहकी मिली थी। पर यह नई ही लिखी हुई है और शुद्धिकी दृष्टिसे कुछ विशेष उल्लेखयोग्य नहीं है।

तीसरी प्रति बीकानेरके भंडारकी थी जो श्रीयुत अगरचंदजी नाहटा द्वारा प्राप्त हुई थी। यह प्रति भी नई ही लिखी हुई है पर कुछ शुद्ध है* । इसके अन्त भागमें, जिनप्रभसूरिकृत 'देवपूजाविधि' नामक स्वतंत्र प्रकरण लिखा हुआ मिला,जिसे उपयोगी समझ कर हमने इस ग्रन्थके परिशिष्टके रूपमें मुद्रित कर दिया है। असलमें यह पूजाविधि भी इसी ग्रन्थका एक अवान्तर प्रकरण होना चाहिये। परंतु न मालूम क्यों ग्रन्थकारने इसको इस ग्रन्थमें सन्निविष्ट न कर जुदा ही प्रकरण रूपसे ग्रथित किया है। संभव है कि यह देवपूजाविधि प्रत्येक गृहस्थ जैनके लिये अवश्य और नित्य कर्तव्य होनेसे इसकी रचना स्वतंत्र रूपसे करना आवश्यक प्रतीत हुआ हो, ता कि सब कोई इसका अध्ययन और लेखन आदि सुलभताके साथ कर सके । इस देवपूजाविधिमें गृहप्रतिमापूजाविधि, चैत्यवन्दनविधि, स्नपनविधि, छत्रभ्रमणविधि, पञ्चामृतस्नात्रविधि और शान्तिपर्वविधि आदि और भी आनुषङ्गिक कई विधियोंका समावेश कर इस विषयको संपूर्णतया प्रतिपादित किया गया है।

*

उक्त प्रकारसे, प्रस्तुत ग्रन्थके संपादनकी प्रेरणा कर, उपाध्याय श्रीसुखसागरजी महाराजने इस प्रकार क्रिया-विधिके अमूल्य निधिरूप प्रस्तुत ग्रन्थराजके विशिष्ट स्वाध्यायका जो प्रशस्त प्रसंग हमारे लिये उपस्थित किया, तदर्थ हम, अन्तमें, आपके प्रति अपना कृतज्ञभाव प्रदर्शित कर; और जो कोई जिज्ञासु जन, इस ग्रन्थके पठन-पाठनसे अपनी ज्ञानवृद्धि करके विधिमार्गके प्रवासमें प्रगतिगामी बनेंगे, तो हम अपना यह परिश्रम सफल समझेंगे-ऐसी आशा प्रकट कर, इस प्रस्तावनाकी यहांपर पूर्णता की जाती है। इत्यलम्।

फाल्गुन पूर्णिमा
विक्रम संवत् १९९७
बंबई

जि न वि ज य

---

* यह प्रति बीकानेरके श्रीपूज्यजीके भंडारकी है और इसके अन्तमें लिपिकर्ताने अपना समय और नामादि बतलानेवाली इस प्रकारकी पुष्पिका लिखी है-

"संवत् १८९२ वर्षे मिती ज्येष्ठ शुक्ल ५ तिथ्यां कुमुदवारे श्रीहमीरगढ नयरे चतुर्मासी स्थिता पं० विद्यविलास लिखितं। श्रीमद्बृहत् खरतर गच्छे श्रीकीर्तिरत्नसूरि संतानीया। श्रीफलवर्द्धीनयरे लिखितं॥"

शासनप्रभावक श्रीजिनप्रभसूरि ।

[संक्षिप्त जीवन चरित्र]

लेखक – श्रीयुत अगरचन्दजी और भँवरलालजी नाहटा, बीकानेर ।

जैनशासनमें प्रभावक आचार्योंका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है, क्यों कि धर्मकी व्यावहारिक उन्नति उन्हीं पर निर्भर है । आत्मार्थी साधु केवल स्व-कल्याण ही कर सकता है; किन्तु प्रभावक आचार्य स्व-कल्याणके साथ साथ पर-कल्याण भी विशेष रूपसे करते हैं, इसी दृष्टिसे उनका महत्त्व बढ जाना स्वाभाविक है । प्रभावक आचार्य प्रधानतया आठ प्रकारके बतलाये हैं यथा –

पावयणी धम्मकही वाई नेमित्तिओ तवस्सी य ।
विज्जासिद्धा य कवी अट्ठे य पभावगा भणिया ॥

अर्थात् – प्रावचनिक, धर्मकथाप्ररूपक, वादी, नैमित्तिक, तपस्वी, विद्याधारक, सिद्ध और कवि ये आठ प्रकार के प्रभावक होते हैं ।

समय समय पर ऐसे अनेक प्रभावकोंने जैन शासनकी सुरक्षा की है, उसे लाञ्छित और अपमानित होनेसे बचाया है, अपने असाधारण प्रभावद्वारा लोकमानस एवं राजा, बादशाह,, मंत्री, सेनापति आदि प्रधान पुरुषोंको प्रभावित किया है । उन सब आचार्योंके प्रति बहुत आदरभाव व्यक्त किया गया है और उनकी जीवनियां अनेक विद्वानोंने लिख कर उनके यशको अमर बनाया है । प्रभावक चरित्रादि ग्रन्थोंमें ऐसे ही आचार्योंका जीवन वर्णन किया गया है ।

प्रस्तुत ग्रन्थ –

इस विविधप्रपाके कर्ता श्रीजिनप्रभ सूरि अपने समयके एक बडे भारी प्रभावक आचार्य थे। उन्होंने दिल्लीके सुलतान महमद बादशाह पर जो प्रभाव डाला वह अद्वितीय और असाधारण है । उसके कारण मुसलमानोंसे होने वाले उपद्रवोंसे संघ एवं तीर्थोंकी विशेष रक्षा हुई और जैन शासनका प्रभाव बढा। उन्होंने विद्वत्तापूर्ण और विविध दृष्टियोंसे अत्यन्त उपयोगी, अनेक कृतियां रच कर साहित्य भंडारको समृद्ध बनाया । पं० लालचंद भगवानदास गांधीने उनके सम्बन्धमें **"जिनप्रभसूरि अने सुलतान महमद"** नामक गुजराती भाषामें एक अच्छी पुस्तक लिखी है । पर उसमें ज्यों ज्यों सामग्री उपलब्ध होती रही त्यों त्यों वे जोडते गये अतः शृंखला नहीं रही ? हम उस पुस्तकके मुख्य आधारसे, पर स्वतंत्र शैलीसे, नवीन अन्वेषणमें उपलब्ध ग्रन्थोंके साथ सूरिजीका जीवन चरित्र इस निबन्ध में संकलित करते हैं ।

जिनप्रभ सूरिकी गुरु परम्परा –

खरतर गच्छके सुप्रसिद्ध वादी-प्रभावक श्रीजिनपति सूरिजीके शिष्य श्रीजिनेश्वर सूरिजीके शिष्य श्रीजिनप्रबोध सूरि हुए । इनके गुरुभ्राता श्रीमालगोत्रीय श्रीजिनसिंह सूरिजीसे खरतरगच्छकी लघु शाखा प्रसिद्ध हुई । इसका मुख्य कारण प्राकृत प्रबन्धावलीमें[1] यह बतलाया गया है कि—एक वार श्रीजिनेश्वर सूरि जी पल्हूपुर (पालणपुर) के उपाश्रयमें विराजते थे, उस समय उनके दण्डके अकस्मात् तडतड शब्द करते हुए दो टुकडे हो गए । सूरिजीने शिष्योंसे पूछा कि—'यह तडतडाट कैसे हुआ ?' शिष्योंने कहा — 'भगवन् ! आपके दण्डेके दो टुकडे हो गए' ! यह सुन कर सूरिजीने उसके फलका विचार करते हुए निश्चय किया कि मेरे पश्चात् मेरी शिष्य-सन्ततिमेंसे दो शाखाएं निकलेंगीं । अतः अच्छा हो, यदि मैं

स्वयं ही ऐसी व्यवस्था कर दूं ताकि भविष्यमें संघमें किसी प्रकारका कलह न हो और धर्म-प्रचारका कार्य सुचारु रूपसे चलता रहे।

इसी अवसर पर (दिल्लीकी ओरके) श्रीमाल संघने आ कर आचार्यश्रीसे विज्ञप्ति की—'भगवन्! हमारी तरफ आजकल मुनियोंका विहार बहुत कम हो रहा है, अतः हमारे धर्मसाधनके लिये आप किसी योग्य मुनिको भेजें'। सूरिजीने पूर्वोक्त निमित्तका विचार कर श्रीमाल कुलोत्पन्न जिनसिंह गणिको सं० १२८० में (?) आचार्य पद और पद्मावती मंत्र दे कर कहा—'यह श्रीमाल संघ तुम्हारे सुपुर्द है; संघके साथ जाओ और उनके प्रान्तोंमें विहार कर अधिकाधिक धर्मप्रचार करो'। गुरुदेवकी आज्ञाको शिरोधार्य कर श्रीजिनसिंह सूरि श्रावकोंके साथ श्रीमाल ज्ञातीय लोगोंके निवास स्थलोंमें विहार करने लगे। उपकारीके नाते समस्त श्रीमाल संघने श्रीजिनसिंह सूरिजीको अपने प्रमुख धर्माचार्य रूपमें माना।

जिनप्रभ सूरिकी दीक्षा—

श्रीजिनसिंह सूरिजीने गुरुप्रदत्त पद्मावती मंत्रकी, छः मासके आयंबिल तप द्वारा साधना प्रारम्भ की। तत्परताके साथ नित्य ध्यान करने लगे। देवीने प्रगट हो कर कहा—'आपकी अब आयु बहुत थोड़ी रही है, अतः विशेष लाभकी संभावना कम है'। आचार्यश्रीने कहा—'अच्छा, यदि ऐसा है तो मेरे पट्टयोग्य शिष्य कौन होगा सो बतलावें, और उसे ही शासनप्रभावनामें प्रत्यक्ष व परोक्ष रूपसे सहायता दें'। पद्मावती देवीने कहा—'सोहिलवाड़ी नगरीमें श्रीमाल जातिके तांबी गोत्रीय महर्द्धिक श्रावक महाधर रहता है। उसके पुत्र रत्नपालकी भार्या खेतलदेवीकी कुक्षिसे उत्पन्न सुभटपाल नामक सर्वलक्षणसम्पन्न पुत्र है, वही आपके पट्टका प्रभावक सूरि[२] होगा'। देवीके इन वचनोंको सुन कर आचार्यश्री सोहिलवाड़ी नगरीमें पधारे। श्रावकोंने समारोह पूर्वक उनका स्वागत किया। एक वार आचार्यश्री श्रेष्ठिवर्य्य महाधरके यहां पधारे। श्रेष्ठिवर्य्यने भक्ति-गद्-गद् हो कर कहा—'भगवन्! आपने मुझ पर बड़ी कृपा की, आपके शुभागमनसे मैं और मेरा गृह पावन हो गया, मेरे योग्य सेवा फरमावें!' आचार्यश्रीने कहा—'महानुभाव! तुम्हारा धर्मप्रेम प्रशंसनीय है, भावी शासन-प्रभावनाके निमित्त तुम्हारे बालकोंमेंसे सुभटपालकी भिक्षा चाहता हूं। संसारमें अनेक प्राणी अनेक वार मनुष्य जन्म धारण करते हैं लेकिन साधनाभावसे अपनी प्रतिभाको विकशित करनेके पूर्व ही परलोकवासी हो जाते हैं। मानव जन्मकी सफलताके लिये त्याग ही सर्वोत्तम साधन है जिसके द्वारा धर्मका अधिकाधिक प्रचार और आत्माका कल्याण हो सकता है। आशा है तुम्हें मेरी याचना स्वीकृत होगी। इससे तुम्हारा यह बालक केवल तुम्हारे वंशको ही नहीं बल्कि सारे देश और धर्मको दीपाने वाला उज्वल रत्न होगा।

---

१ इस प्रबन्धावलीकी एक पुरानी प्रति श्रीजिनविजयजीके पास है, उससे नकल करके जिनप्रभसूरि प्रबंधको हमने 'जैन सत्यप्रकाश' मासिकमें प्रकाशित किया। जिसका गुजराती अनुवाद पं० लालचंद भगवानदासने अपने **'जिनप्रभसूरि अने सुलतान महमद'** नामक पुस्तकमें प्रकाशित किया है। प्रबन्धावलीकी एक और प्रति श्रीहरिसागरसूरिजीके पास भी देखी थी। वह प्रति सं० १६२२ आश्विन सुदि १५ को लिखी हुई थी। श्रीजिनविजयजी वाली प्रति भी लगभग इसके समकालीन लिखित प्रतीत होती है।

२ 'खरतर गच्छ पट्टावली संग्रह'में प्रकाशित १७ वीं शताब्दीकी पट्टावली नं० ३ में लिखा है कि—इनका जन्म झुंझनूके तांबी श्रीमालके यहां हुआ था। ये उनके पांच पुत्रोंमेंसे तृतीय पुत्र थे। बीकानेरके जयचंदजीके भंडारकी पट्टावलीमें लिखा है कि बागड़ देशके वडौदा ग्रामके किसी श्रावकके छोटे पुत्र थे। इन्हें ११ वर्षकी छोटी उम्रमें आचार्य पद मिला।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीके जन्म संवत्का उल्लेख कहीं देखने में नहीं आया; पर सं० १३५२ में इन्होंने कातन्त्र विभ्रमवृत्तिकी रचना की थी। उस समय इनकी आयु २०–२५ वर्षकी आवश्य होगी, अतः जन्म सं० १३२५ के लगभग होना संभव है। प्रबन्धावलीमें दीक्षा का समय सं० १३२६ लिखा है पर वह शंकित मालूम देता है।

महाधर सेठने आचार्यश्रीकी आज्ञाको सहर्ष स्वीकार की और अच्छे मुहूर्त्तमें सुभटपालको समारोह पूर्वक सं० १३२६ (?) में दीक्षा दिलाई। आचार्यश्रीने नवदीक्षित मुनिको खूब तत्परतासे शास्त्रोंका अध्ययन कराया एवं साम्नाय पद्मावती मंत्र समर्पित किया–जिससे थोडे समयमें मुनिवर्य प्रतिभाशाली गीतार्थ हो गये। सं० १३४१ में किढिवाणा नगरमें श्रीजिनसिंह सूरिजीने उन्हें सर्वथा योग्य जान कर अपने पट्टपर स्थापित कर **श्रीजिनप्रभसूरि** नामसे प्रसिद्ध किया। इसके कुछ समय पश्चात् श्रीजिनसिंह सूरिजी स्वर्गवासी हुए।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीके पुण्यप्रभाव और गुरुकृपासे पद्मावती देवी प्रत्यक्ष हुई। एक वार इन्होंने देवीसे पूछा कि–'हमारी किस नगरमें उन्नति होगी?' पद्मावतीने कहा–'आप योगिनी-पीठ दिल्लीकी ओर विहार कीजिये। उधर आपको पूर्ण सफलता मिलेगी'। सूरिजी देवीके सङ्केतानुसार दिल्ली प्रान्तमें विचरने लगे[1]।

ग्रन्थ रचना –

सं० १३५२ में योगिनीपुर (दिल्ली) में माथुरवंशीय ठक्कुर खेतल कायस्थकी अभ्यर्थनासे 'कातन्त्र विभ्रम' पर २६१ श्लोक प्रमाणकी वृत्ति बनाई। सूरिजी के उपलब्ध ग्रन्थोंमें यह सर्वप्रथम कृति है।

सं० १३५६ में श्रेणिकचरित्र–द्व्याश्रय काव्यकी रचना की।

सं० १३६३ का चातुर्मास अयोध्यामें किया। वहां साधु और श्रावकोंके आचारोंका विशदसंग्रह रूप इसी **विधिप्रपा ग्रन्थ**को विजयादशमीके दिन रच कर पूर्ण किया। सं० १३६४ में वैभारगिरिकी यात्रा करके वैभारगिरिकल्प निर्माण किया और कल्पसूत्र पर 'सन्देह विषौषधि' नामक वृत्ति बनाई।

सं० १३६५ के पौषमें अयोध्यामें (१) अजितशान्तिकी बोधदीपिका वृत्ति, (२) पौष कृष्णा ९ को उपसर्गहरकी अर्थकल्पलता वृत्ति, (३) पोष सुदि ९ के दिन भयहर स्तोत्रकी अभिप्रायचन्द्रिका वृत्ति बनाई। इन कुछ वर्षोंमें सूरिजीने पूर्व देशके प्रायः समस्त तीर्थोंकी यात्रा कर, कई कल्प, स्तोत्र इत्यादि रचे।

संवत् १३६९ में मारवाड देशकी ओर विचरते हुए फलौधी तीर्थकी यात्रा कर वहांका स्तोत्र बनाया। कहा जाता है कि सूरिमहाराज प्रतिदिन एकाध नवीन स्तोत्रकी रचना करनेके पश्चात् आहार ग्रहण करते थे। इसके फल स्वरूप आपने ७०० स्तोत्र[2] जितने विशाल स्तोत्र-साहित्यकी रचना कर जैन मुनियोंके सामने एक उत्तम आदर्श उपस्थित किया। आपके निर्माण किये हुए स्तोत्रोंकी सूची पीछे दी गई है।

इस विशाल स्तोत्र-साहित्यमेंसे अब केवल ७५ के लगभग ही उपलब्ध हैं। इनमें कई यमकमय, चित्रकाव्य, आदि अनेक वैशिष्ट्यको लिये हुए हैं, जिससे सूरिजीके असाधारण पाण्डित्यका परिचय मिलता है।

सूरिजीने संस्कृत, प्राकृत और देश्य भाषामें इस प्रकार सेंकडों ही स्तोत्रोंकी रचना की, और उसके साथ फारशी भाषामें भी उन्होंने कई स्तोत्र बनाये जो जैन साहित्यमें एकदम नवीन और अपूर्व वस्तु है।

---

१ यहां तकका यह वृत्तान्त 'प्राकृत प्रबन्धावली' अन्तर्गत श्रीजिनप्रभसूरि प्रबन्धसे लिखा गया है।

२ उपदेशसप्तति (सं० १५०३ सोमधर्मगणिकृत) एवं सिद्धान्तस्तवावचूरि। अवचूरिकारने इन स्तोत्रोंको, तपागच्छीय सोमतिलकसूरिको, श्रीजिनप्रभसूरिने पद्मावतीके सङ्केतसे तपागच्छका भावी उदय ज्ञात कर, भेंट करना लिखा है।

शायद ये ही सबसे पहले जैनाचार्य थे जिन्होंने यावनी भाषाका अध्ययन किया और उसमें स्तोत्र जैसी कृतियां भी कीं। दिल्लीमें अधिक रहने और मुसलमान बादशाहोंके दरबारमें आने-जानेके विशेष प्रसंगोंके कारण इनको उस भाषाके अध्ययनकी परम आवश्यकता मालूम दी होगी। शायद बादशाहको, जैन देवकी स्तुति कैसे की जाती है इसका परिचय करानेके निमित्त ही इन्होंने उस भाषामें इन स्तोत्रोंकी रचना की हो।

सं० १३७६ में दिल्लीके सा० देवराजने शत्रुंजय, गिरनार आदि तीर्थोंका संघ निकाला। उस संघमें सूरिजी भी साथ थे। मिती ज्येष्ठ कृष्ण १ को शत्रुंजय तीर्थकी यात्रा की और मिती ज्येष्ठ शुक्ल ५ को श्री गिरनार तीर्थकी यात्रा की। देवराजके संघ एवं इन तीर्थद्वयकी यात्राका उल्लेख सूरजीने स्वयं अपने तीर्थयात्रा स्तवन एवं त्रोटकमें किया है।

सं० १३८० में पादलिप्तसूरि कृत वीरस्तोत्रकी वृत्ति और सं० १३८१ में राजादिरुचादिगणवृत्ति, साधुप्रतिक्रमण-वृत्ति, सूरिमंत्राम्नाय आदि ग्रन्थोंकी रचना की।

सं० १३८२ के वैशाख शुद्ध १० को श्रीफलवर्द्धि तीर्थकी यात्रा कर स्तोत्र बनाया।

सुलतान कुतुबुद्दीन मिलन—

हमारी ओरसे प्रकाशित ऐतिहासिक जैन काव्यसंग्रहके 'जिनप्रभसूरि गीत' में लिखा है कि सूरिजीने सुलतान कुतुबुद्दीनको रञ्जित किया था। अठाही, आठम, चौथको सम्राट् कुतुबुद्दीन उन्हें अपनी सभामें बुलाता था और एकान्तमें बैठ कर उनसे अपना संशय निवारण किया करता था। सुप्रसन्न हो कर सुलतानने गांव, हाथी आदि सूरिजीको लेनेके लिये कहा पर निस्पृह गुरुजीने उनमेंसे कुछ भी ग्रहण नहीं किया।

सं० १३९३ में रचित 'नाभिनन्दनोद्धार प्रबन्ध'[1] में लिखा है कि—शत्रुञ्जयोद्धारक समरसिंहने शाही फरमान ले कर संघ और श्रीजिनप्रभ सूरिजीके साथ मथुरा और हस्तिनापुरकी यात्रा की थी।

महमद तुगलक प्रतिबोध[2]।

बादशाहका आमन्त्रण—

सूरिजीके अद्भुत पाण्डित्यकी ख्याति सर्वत्र फैल चुकी थी। एक वार सं० १३८५ में जब आप दिल्लीके शाहपुरामें विराजमान थे तब दिल्लीपति सम्राट् महमद तुगलकने अपनी सभामें विद्वद्गोष्ठी

१ यह ग्रन्थ गुजराती अनुवाद सहित अहमदाबादसे छप चुका है।

२ डॉ. ईश्वरीप्रसादके भारतवर्षके इतिहास (पृ० २२३-३२) में सुलतान महमद तुगलकके संबन्धमें अच्छा प्रकाश डाला गया है। उस ग्रन्थसे कुछ आवश्यक अंश नीचे दिया जाता है, इससे उसके स्वभाव चरित्रादिके विषयमें पाठकोंको अच्छी जाकानरी हो सकेगी। "**महम्मद तुगलक**—(सन् १३२५-१३५१ ई.)—अपने पिता गयासुद्दीनकी मृत्युके बाद शाहजादा जूना महम्मद तुगलकके नामसे दिल्लीकी गद्दी पर बैठा। दिल्लीके सुलतानोंमें वह सबसे अधिक विद्वान और योग्य पुरुष था। उसकी स्मरण शक्ति और बुद्धि अलौकिक थी और मस्तिष्क बड़ा परिष्कृत था। अपने समयकी कला तथा विज्ञानका वह ज्ञाता था, और बडी आसानी तथा खूबीके साथ फारसी भाषा बोल और लिख सकता था। उसकी मौलिकता, वक्तृत्व और विद्वत्ता देख कर लोग दंग रह जाते थे और उसे सृष्टिकी एक अद्भुत चीज समझते थे। तर्कशास्त्रका वह बडा पंडित था और उस विषयके प्रकाण्ड विद्वान भी उससे शास्त्रार्थ करनेका साहस नहीं करते थे।

वह अपने धर्मका पाबन्द था परंतु विधर्मियों पर अत्याचार नहीं करता था। वह मुल्लाओं और मौलवियोंकी रायकी परवाह नहीं करता था और प्राचीन सिद्धान्तों और परिपाटियोंको आंख बंध कर नहीं मानता था। उसने हिन्दुओंके साथ धार्मिक अत्याचार नहीं किया; और सती प्रथाको रोकनेका प्रयत्न किया। वह न्याय करनेमें किसीकी रियायत नहीं करता था और छोटे बडे सबके साथ एकसा बर्त्ताव करता था। विदेशियोंके प्रति वह बडा औदार्य्य दिखलाता था ...... उसमें ठीक निश्चय तक पहुंचनेकी शक्तिकी कमी थी। उसे क्रोध जल्दी आता था और जरासी देरमें वह आपेसे

करते हुए पण्डितोंसे पूछा कि—'इस समय सर्वोत्तम विद्वान कौन है?' इसके उत्तरमें ज्योतिषी धाराधरने श्रीजिनप्रभ सूरिजीके गुणोंकी प्रशंसा करते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ विद्वान् बतलाया। बादशाह एक विद्याव्यसनी सम्राट् था, वह विद्वानोंका खूब आदर करता था। उसकी सभामें सदैव बहुतसे चुने हुए पण्डित विद्वद्गोष्ठी किया करते थे, जिसमें सम्राट् स्वयं रस लिया करता था। अतः पं० धाराधरसे श्रीजिनप्रभ सूरिजीका नाम श्रवण कर उन्हींके द्वारा आचार्य श्रीको अपनी राजसभामें बहुमान पूर्वक बुलाया।

बादशाहसे मिलन व सत्कार–

सम्राट्का आमन्त्रण पा कर मिती पोषशुक्ला २ को संध्याके समय सूरिजी उससे मिले। सम्राट्ने अपने अत्यन्त निकट सूरिजीको बैठा कर भक्तिके साथ उनसे कुशलप्रश्न पूछा। सूरिजीने प्रत्युत्तर देते हुए नवीन काव्य रच कर आशीर्वाद दिया जिसे सुन कर सम्राट् अत्यन्त प्रमुदित हुआ। लगभग अर्धरात्रि तक सूरिजीके साथ सम्राट्की एकान्त गोष्ठी होती रही। रात्रि अधिक हो जानेके कारण सूरिजी वहीं रहे। प्रातःकाल पुनः सम्राट्ने सूरिजीको अपने पास बुलाया; और सन्तुष्ट हो कर १००० गाय, द्रव्यसमूह, श्रेष्ठ उद्यान, १०० वस्त्र, १०० कम्बल, एवं अगर, चंदन, कर्पूरादि सुगन्धित द्रव्य उन्हें अर्पण करने लगा। परन्तु–'जैन साधुओंको यह सब अकल्पनीय हैं'–इत्यादि समझाते हुए सूरिजीने उन सबका लेना अस्वीकार किया। किन्तु सम्राट्को अप्रीति न हो इसलिये राजाभियोग वश उनमेंसे केवल कम्बल वस्त्रादि अल्प वस्तुयें कुछ ग्रहण कीं।

सम्राट्ने विविध देशान्तरोंसे आये हुए पण्डितोंके साथ सूरिजीकी वाद-गोष्ठी करवा कर दो श्रेष्ठ हाथी मंगवाये। उनमेंसे एक पर श्रीजिनप्रभ सूरिजीको और दूसरे पर उनके शिष्य श्रीजिनदेव सूरिजीको चढा[1] कर, अनेक प्रकारके शाही वाजित्रोंके समारोह पूर्वक, पौषध शालामें पहुंचाया। उस समय भट्टादि लोग विरुदावली गा रहे थे, राज्यधिकारी प्रधान-वर्ग भी, चारों वर्णकी प्रजाके सहित, उनके साथ थे। संघमें अपार आनंद छा रहा था; आचार्य महाराजकी जयध्वनिसे आकाश गूंज रहा था। श्रावकोंने इस सुअवसर पर आडंबरके साथ प्रवेश-महोत्सव किया और याचकोंको प्रचुर दान दे कर सन्तुष्ट किया।

संघरक्षा और तीर्थरक्षाके फरमान–

सम्राट्का सूरिजीसे परिचय दिनों-दिन बढने लगा जिससे उनके विद्वत्तादि गुणोंकी उसके चित्त पर जबरदस्त छाप पड़ी। उस समय जैनों पर आये दिन नाना प्रकारके उपद्रव हुआ करते थे।

बाहर हो जाता था। वह चाहता था कि लोग उसके सुधारोंका शीघ्र स्वीकार कर लें। जब उसकी आज्ञाके पालनमें आनाकानी होती अथवा विलम्ब होता था तो वह निर्दय हो कर कठोर-से-कठोर दण्ड देता था। विद्वान् होनेके साथ ही साथ महम्मद एक वीर सिपाही और कुशल सेनापति भी था। सुदूर प्रान्तोंमें कई बार उसने युद्धमें महत्त्वपूर्ण विजय प्राप्त की थी।...... वह कठोर हृदय होते हुए भी उदार था। अपने धर्मका पाबन्द होते हुए भी कट्टरता और पक्षपातसे दूर रहता था। और अभिमानी होते हुए भी उसका विनय प्रशंसनीय था।.........

महम्मद स्वेच्छाचारी था–परंतु उसकी चित्तवृत्ति उदार थी। शासन-प्रबन्धके संबन्धमें वह धर्माधिकारियोंको जरा भी हस्तक्षेप नहीं करने देता था और हिन्दुओंके प्रति उसका व्यवहार अन्य सुलतानोंकी अपेक्षा अधिक निष्पक्ष और सौजन्यपूर्ण था। वह बडा न्यायप्रिय था। शासनके छोटे बडे सभी कामोंकी स्वयं देख भाल करता था और फकीर तथा गृहस्थ सभीको न्यायकी दृष्टिसे समान समझता था।"

१ यद्यपि हाथी पर आरोहण करना मुनियोंका आचार नहीं है, परन्तु शासन-प्रभावनाका महान् लाभ एवं सम्राट्के विशेष आग्रहके कारण यह प्रवृत्ति अपवाद रूपसे हुई ज्ञात होती है। सं० १३३४ में रचित प्रभावकचरित्रमें भी, सूराचार्यके गजारूढ होनेका उल्लेख मिलता है।

अतः समस्त श्वेताम्बर दर्शनकी उपद्रवसे रक्षा करनेके लिये सम्राट्ने एक फरमान पत्र सूरिजीको समर्पण किया। गुरुश्रीने चारों दिशाओंमें उस फरमानकी नकलें भेज दीं जिससे शासनकी बड़ी भारी उन्नति हुई। इसी प्रकार एक दिन सूरिजीने तीर्थोंकी रक्षाके लिये सम्राट्का ध्यान आकर्षित किया। सम्राट्ने तत्काल शत्रुञ्जय, गिरनार, फलौधी आदि तीर्थोंकी रक्षाके लिये फरमान पत्र लिखवा कर दे दिये। उन फरमान पत्रोंकी नकलें भी तीर्थोंमें भेज दीं गईं। अन्य समय एक वार सूरिजीके उपदेशसे सम्राट्ने बहुत बन्दियोंको कैदसे मुक्त कर दिया।

सं० १३८५ की माघ शुद्धि ७ को दिल्लीमें सूरिजीने 'राजप्रासाद'[1] नामक शत्रुंजय कल्प बनाया।

कन्यानयनकी चमत्कारी प्रतिमाका उद्धार –

संवत् १३८५ में आसीनगर (हांसी) के अल्लविय वंशके किसी क्रूर व्यक्तिने श्रावकों एवं साधुओंको बंदी बना कर उनकी विडम्बना की। उसने कन्यानयनके श्रीपार्श्वनाथ स्वामीकी पाषाण मय प्रतिमाको खण्डित कर दी, और सं० १२३३ आषाढ सुद्धि १० गुरुवारको, श्रीजिनपति सूरिजी द्वारा प्रतिष्ठित एवं उनके चाचा विक्रमपुर निवासी सा० मानदेव कारित, २३ अंगुल प्रमाण वाली श्रीमहावीर भगवानकी चमत्कारी प्रतिमाको[२] अखण्डित रूपसे ही गाड़ीमें रख कर दिल्ली ले आया। सम्राट् उस समय देवगिरिमें था। अतः उसके आने पर उसकी आज्ञानुसार व्यवस्था करनेके विचारसे उस जिनबिम्बको तुगुलकाबादके शाही खजानेमें रख दिया। इससे वह प्रतिमा पंद्रह मास पर्य्यन्त तुर्कोंके आधिकारमें रही।

महावीर प्रभुकी इस प्रतिमाका यह वृत्तान्त ज्ञात कर सूरि महाराज सोमवारके दिन राजसभामें पधारे। उस समय वृष्टि हो रही थी जिससे उनके पैर कीचड़से भर गये थे। सम्राट्ने यह देख कर मल्लिक काफ़र द्वारा अच्छे वस्त्रखंडसे उनके पैर पुंछवाये। सूरिजीने बहुत ही भाव-गर्भित काव्य द्वारा सम्राट्को आशीर्वाद दिया। उस काव्यकी व्याख्या करने पर सम्राट्के हृदयमें अत्यन्त चमत्कृति पैदा हुई। अवसर जान कर सूरि महाराजने उपर्युक्त महावीर प्रतिमाका वृत्तान्त बतला कर सम्राट्से, उसे जैनसंघको समर्पण कर देनेके लिये निवेदन किया। सम्राट्ने सूरिजीकी आज्ञाको सहर्ष स्वीकार की। तुगुलकाबादके खजानेसे असूअग मल्लिकोंके कन्धे पर विराजमान करा कर प्रभुप्रतिमाको राजसभामें मंगवाई और सम्राट्ने दर्शन करके सूरि महाराजको समर्पण कर दी। उस चमत्कारी प्रतिमाकी प्राप्तिसे संघको अपार हर्ष हुआ। समस्त संघने एकत्र हो कर बड़े समारोहके साथ सुखासनमें विराजमान कर 'मलिकताजदीन सराय' के जिनमन्दिरमें उसे स्थापित की। सूरिजीने वासक्षेप किया, और श्रावकलोग प्रतिदिन पूजन करने लगे।

कन्यानयकी प्रतिमाका पूर्व इतिहास –

इस प्रतिमाके पूर्व इतिहासके विषयमें सूरिजीने 'कन्यानयन' तीर्थकल्पमें लिखा है कि – सं० १२४८ में पृथ्वीराज चोहानके, सहाबुद्दीन गौरी द्वारा मारे जाने पर, राज्यप्रधान परम श्रावक सेठ रामदेवने स्थानीय श्रावक संघको लिखा कि – तुर्कोंका राज्य हो गया है, अतः महावीर प्रभुके बिंबको कहीं प्रच्छन्नरूपसे रखना आवश्यक है। इस सूचनासे वहांके श्रावकोंने दाहिमाज्ञातीय मंडलेश्वर कैमासके नामसे बसे हुए 'कयंवास स्थल' में बालुके नीचे प्रतिमाको गाड़ दी।

सं० १३८६ में सूरिजीने ढिंपुरी तीर्थ स्तोत्रकी रचना की।

---

[1] इस कल्प का नाम 'राजप्रासाद' होनेका कारण सूरिजीने ही बताया है कि इसके रचना-प्रारंभके समय राजाधिराज (महमद तुगुलक) संघ पर प्रसन्न हुए थे। उपर्युक्त फरमान द्वयकी प्राप्तिसे भी इसका समर्थन होता है।

सं० १३११ के दारुण दुर्भिक्षमें जीवन निर्वाहके लिये जाजओ नामक सूत्रधार कन्नाणयसे सुभिक्ष देशकी ओर चला। प्रथम प्रयाण थोड़ा ही करना चाहिये यह विचार कर उसने रात्रिनिवास 'कयंवास स्थल'में किया। अर्द्धरात्रिके समय उससे स्वप्नमें देवताने कहा—'तुम जहां सोये हो उसके कितनेक हाथ नीचे प्रभु महावीरकी प्रतिमा है। तुम उसे प्रकट करो ता कि तुम्हें देशान्तर न जाना पड़े और यहीं निर्वाह हो जाय!' संभ्रम पूर्वक जग कर देवकथित स्थानको अपने पुत्रादिसे खुदवाने पर प्रतिमा प्रकट हुई। यह शुभ सूचना उसने श्रावकोंको दी। उन्होंने महोत्सवके साथ मन्दिरजीमें प्रतिमाको स्थापित की और सूत्रधारकी आजीविका बांध दी।

एक वार न्हवणकरानेके पश्चात् प्रभुबिंब पर पसीना आता दिखाई दिया। बार-बार पौंछने पर भी अविरल गतिसे पसीना आता रहा। इससे श्रावकोंने भावी अमंगल जाना। इतने ही में प्रभातके समय जेट्ठुय लोगोंकी धाड़ आई। उन्होंने नगरको चारों तरफसे नष्ट किया। इस प्रकार प्रकट प्रभाव वाले महावीर भगवान, सं० १३८५ तक 'कयंवास स्थल' में श्रावकों द्वारा पूजे गये। इसके बादका वृत्तान्त ऊपर आ ही चुका है।

कन्यानयन स्थान निर्णय—

पं० लालचंद भगवानदासका मत है कि उपर्युक्त कन्नाणय या कन्यानयन वर्त्तमान कानानूर है। पर हमारे विचारसे यह ठीक नहीं है। क्यों कि उपर्युक्त वर्णनमें, सं० १२४८ में उधर तुर्कोंका राज्य होना लिखा है; किन्तु उस समय दक्षिण देशके कानानूरमें तुर्कोंका राज्य होना अप्रमाणित है। 'युगप्रधानाचार्यगुर्वावली' में (जो कि श्री जिनविजयजी द्वारा सम्पादित हो कर 'सिंघी जैन ग्रन्थमाला' में प्रकाशित होने वाली है) कन्यानयनका कई स्थलोंमें उल्लेख आता है। उससे भी कन्नाणय, आसी नगर (हांसी) के निकट, वागड़ देशमें होना सिद्ध है। जिस कन्यानयनीय महावीर प्रतिमाके सम्बन्ध में ऊपर उल्लेख आया है उसकी प्रतिष्ठाके विषयमें भी गुर्वावलीमें लिखा है कि—सं० १२३३ के ज्येष्ठ सुदि ३ को, आशिकामें बहुतसे उत्सव समारोह होनेके पश्चात्, आषाढ महीनेमें कन्यानयनके जिनालयमें श्रीजिनपति सूरिजीने अपने पितृव्य सा० मानदेव कारित महावीर बिंबकी प्रतिष्ठा की और व्याघ्रपुरमें पार्श्वदेवगणिको दीक्षा दी। कन्यानयनके सम्बन्धमें गुर्वावलीके अन्य उल्लेख इस प्रकार हैं—

संवत् १३३४ में श्रीजिनचन्द्र सूरिजीकी अध्यक्षतामें कन्यानयन निवासी श्रीमाल ज्ञातीय सा० कालाने नागौरसे श्रीफलौधी पार्श्वनाथजीका संघ निकाला, जिसमें कन्यानयनादि समग्र वागड़ देश व सपादलक्ष देशका संघ सम्मिलित हुआ था।

संवत् १३७५ माघ सुदि १२ के दिन, नागौरमें अनेक उत्सवोंके साथ श्रीजिनकुशल सूरिजीके वाचनाचार्य-पदके अवसर पर, संघके एकत्र होनेका जहां वर्णन आता है वहां 'श्रीकन्यानयन, श्रीआशिका, श्रीनरभट प्रमुख नाना नगर ग्राम वास्तव्य सकल वागड़ देश समुदाय' लिखा है।

संवत् १३७५ वैशाख वदि ८ को, मन्त्रिदलीय ठक्कुर अचलसिंहने सुलतान कुतुबुद्दीनके फरमान से हस्तिनापुर और मथुराके लिये नागौरसे संघ निकाला। उस समय, श्रीनागपुर, रुणा, कोसवाणा, मेड़ता, कडुयारी, नवहा, झुंझणु, नरभट, कन्यानयन, आसिकाउर, रोहद, योगिनीपुर, धामइना, जमुनापार आदि नाना स्थानोंका संघ सम्मिलित हुआ लिखा है। संघने क्रमशः चलते हुए नरभटमें श्रीजिनदत्तसूरि-प्रतिष्ठित श्रीपार्श्वनाथ महातीर्थकी वन्दना की। फिर समस्त वागड़ देशके मनोरथ पूर्ण करते हुए कन्यानयनमें श्रीमहावीर भगवानकी यात्रा की।

श्रीजिनचन्द्र सूरिजीने खण्डासराय (दिल्ली) चातुर्मास करके मेड़ताके राणा मालदेवकी वीनतिसे विहार कर मार्ग में धामइना, रोहद आदि नाना स्थानोंसे हो कर, कन्यानयन पधार कर महावीर प्रभुको नमस्कार किया।

संवत् १३८० में सुलतान गयासुदीनके फरमान ले कर दिल्लीसे शत्रुंजयका संघ निकला। वह सर्व-प्रथम कन्यानयन आया, वहां वीर प्रभुकी यात्रा कर फिर आशिका, नरभट, खाटू, नवहा, झुंझणू आदि स्थानोंमें होते हुए, फलौधी पार्श्वनाथजीकी यात्रा कर, शत्रुंजय गया।

उपर्युक्त इन सारे अवतरणोंसे कन्यानयनका, आशिकाके निकट वागड़ देशमें होना सिद्ध होता है। श्रीजिनप्रभ सूरिजीने कन्यानयनके पास 'कयंवासस्थल' का जो कि मंडलेश्वर कैमासके नामसे प्रसिद्ध था, उल्लेख किया है। मंडलेश्वर कैमासका संबन्ध भी कानानूरसे न हो कर हांसीके आसपासके प्रदेशसे ही हो सकता है। गुर्वावलीके अवतरणोंसे नागौरसे दिल्लीके रास्तेमें नरभट और आशिकाके बीचमें कन्यानयन होना प्रामाणित है। अनुसन्धान करने पर इन स्थानोंका इस प्रकार पता लगा है –

नरभट – पिलानी से ३ मील।

कन्यानयन – वर्तमान कन्नाणा दादरी से ४ मील जिंद रिसायतमें है।

आशिका – सुप्रसिद्ध हांसी।

पं० भगवानदासजी जैनने ठ० फेरु विरचित 'वस्तुसार' ग्रन्थकी प्रस्तावनामें कन्यानयनको वर्त्तमान करनाल बतलाया है, परन्तु हमें वह ठीक नहीं प्रतीत होता। गुर्वावलीके उल्लेखानुसार करनाल कन्यानयन नहीं हो सकता।

इसमें अब एक यह आपत्ति रह जाती है कि श्रीजिनप्रभ सूरिजीने स्वयं 'कन्याननीय – महावीरकल्प' में कन्यानयनको चोल देशमें लिखा है। हमारे विचारसे यह चोल देश, जिस स्थानको हम बतला रहे हैं, पूर्वकालमें उसे भी चोल देश कहते हों। इस विषयमें विशेष प्रमाण न मिलनेसे विशेष रूपसे नहीं कह सकते; पर गुर्वावलीमें महावीर प्रतिमाकी प्रतिष्ठाके संबन्धमें जब यह उल्लेख है कि – सं० १२३३ के ज्येष्ठ सुदि ३ को, आशिकामें धार्मिक उत्सव होनेके पश्चात्, आषाढमें ही कन्यानयनमें महावीर बिंबकी प्रतिष्ठा श्रीजिनपति सूरिजी द्वारा हुई; और वहांसे फिर व्याघ्रपुर आ कर पार्श्वदेवको दीक्षित किया। श्रीजिनप्रभ सूरिजीने भी प्रतिमाको 'सा० मानदेव कारित, सं० १२३३ आषाढ सुदि १० को प्रतिष्ठित, मानदेवको श्रीजिनपति सूरिजीका चाचा होना, और प्रतिष्ठा भी श्रीजिनपति सूरिजी द्वारा होना' लिखा है। उसी प्रकार ये सारी बातें प्राचीन गुर्वावलीसे भी सिद्ध और समर्थित हैं। पिछले उल्लेखोंमें भी, जो कि कन्यानयनके महावीर भगवानकी यात्राके प्रसङ्गमें हैं, कन्यानयनको वागड़ देशमें आशिकाके पास ही बतलाया है। इन सब बातों पर विचार करते हुए हमारी तो निश्चित राय है कि कन्यानयन कानानूर न हो कर वर्त्तमान कनाणा ही है। जिस प्रकार वागड़ देश ४ हैं, इसी प्रकार चोल देश भी दो हो सकते हैं।

विक्रमपुर स्थल निर्णय –

सा० मानदेव के निवास स्थान विक्रमपुरको पं० लालचंद भगवानदासने दक्षिणके कानानूर के पासका बतलाया है; पर यह विक्रमपुर तो निश्चिततया जेसलमेरके निकटवर्त्ती वर्तमान वीक्रमपुर है। श्रीजिनपति सूरिजीके रास में 'अत्थि मरुमंडले नयर विक्कमपुरे' शब्दोंसे विक्रमपुरको मरुस्थलमें सूचित किया है। संभव है सा० मानदेव व्यापारादिके प्रसङ्गसे वागड़ देशके कन्यानयनमें रहते हों और वहीं श्रीजिनपति सूरिजीके जाने पर महावीर भगवानकी प्रतिष्ठा कराई हो।

'जैन स्तोत्र संदोह' भा० २ की प्रस्तावना, पृ० ४० में, इस विक्रमपुरको बीकानेर बतलाया है, पर वह भूल ही है। बीकानेर तो उस समय बसा भी नहीं था, उसे तो राव बीकाने, सं० १५४५ में बसाया है। पूर्वका विक्रमपुर जेसलमेर निकटवर्ती वर्तमान वीक्रमपुर ही है।

देवगिरिकी ओर विहार और प्रतिष्ठानपुर यात्रा –

श्री जिनप्रभ सूरिने दिल्लीमें इस प्रकारकी धर्म-प्रभावना करके महाराष्ट्र (दक्षिण)की ओर विहार किया। सम्राट्ने सूरिजीके विहारमें सब प्रकारकी अनुकूलतायें प्रस्तुत कर दीं। सूरिजीने सम्राट् एवं स्थानीय संघके संतोषके निमित्त श्री जिनदेव सूरिजीको, १४ साधुओंके साथ, दिल्लीमें ठहरनेकी आज्ञा दी। सूरिजी विहार-मार्गके अनेक नगरोंमें धर्म-प्रभावना करते हुए देवगिरि (दौलताबाद) पहुंचे। स्थानीय संघने प्रवेशोत्सव किया[१]। वहांसे संघपति जगसिंह, साहण, मल्लदेव आदि संघ-मुख्योंके सहित प्रतिष्ठानपुर पधारे और वहां जीवंत मुनिसुव्रत स्वामीकी प्रतिमाके दर्शन किये। यात्रा करके संघ सहित सूरिमहाराज पुनः देवगिरि पधारे। सं० १३८७ भा० शु० १२ के दिन 'दीवाली कल्प' की यहां पर रचना की।

देवगिरिके जैन मन्दिरोंकी रक्षा –

एक वार, पेथड़, सहजा और ठ० अचलके करवाए हुए जिनमन्दिरोंको तुर्क लोग तोड़नेके लिये उद्यत हुए,[२] तब सूरजीने शाही फरमान दिखला कर उन मन्दिरोंकी रक्षा की। इस प्रकार और भी अनेक तरहसे शासन-प्रभावना करते हुए, शिष्योंको सिद्धान्त-वाचना और तपोद्वहन कराते हुए, तीन वर्ष यहीं व्यतीत किये। इसी बीच सूरजीने उद्भट ऐसे बहुतसे वादियोंको शास्त्रार्थमें परास्त किया। अपने शिष्यों एवं अन्य गच्छके मुनियोंको काव्य, नाटक, अलङ्कार, न्याय, व्याकरण आदि शास्त्र पढाए[३]।

दिल्लीमें जिनदेव सूरिद्वारा धर्म-प्रभावना –

इधर दिल्लीमें विराजित श्री जिनदेव सूरिजी, विजयकटक (शाही छावणीमें) में सम्राट्से मिले। सम्राट्ने बहुत सन्मानके साथ एक सराय (मुहल्ला) जैन संघके निवास करनेके लिये दी। इस सराय का नाम 'सुलतान सराय' रखा गया। वहां सम्राट्ने पौषधशाला और जैनमन्दिर बनवा दिया, एवं ४०० श्रावकोंको सकुटुम्ब निवास करनेका आदेश दिया। पूर्वोक्त कन्यानयनके महावीर बिम्बको, इस सरायमें सम्राट्के बनवाये हुए मन्दिरमें विराजमान किया गया। श्वेताम्बर, दिगम्बर एवं अन्य धर्मावलम्बी जन भी भक्तिभावसे इस प्रतिमाकी पूजा करने लगे। इस शासनोन्नतिके कायसे सम्राट् महम्मद तुगुलकका सुयश सर्वत्र फैल गया।

---

१. 'संस्कृत जिनप्रभसूरि प्रबन्ध' और शुभशीलगणिके कथाकोशमें लिखा है कि–जिनप्रभ सूरिजी सर्वत्र चैत्य परिपाटी करते हुए सुलतान महमद शाहके साथ देवगिरि पहुंचे। तब सा० जगसिंहने ३२००० मुद्रा व्यय कर प्रवेशोत्सव किया। स्थानीय चैत्योंकी वन्दना करते हुए, जब सूरिजी जगसिंहके गृहमन्दिर पर पहुंचे तो वहां के रत्नमय जिनबिम्बोंको देखकर सूरिजीने सिर धुनाया। जगसिंहके कारण पूछने पर कहा–'हमने बहुत स्थानोंमें जिनमन्दिरोंका वंदन किया पर एक तो आज तुम्हारे गृहमन्दिरको स्थावर तीर्थरूप और दूसरे जंगम तीर्थरूप जंघरालपुरमें तपागच्छीय सोमतिलकसूरि को देखा।

२. विशेष जाननेके लिये **'जिनप्रभसूरि अने सुलतान महमद'** पृ० ७९ से १०१ तक देखना चाहिए।

३. हर्षपुरीय गच्छके मलधारि श्री राजशेखरसूरिने अपने बनाये हुए न्यायकन्दली विवरणमें, सूरिजीका अपने अध्यापक रूपसे स्मरण किया है। उन्होंने सूरिजीसे न्यायकंदली० ग्रन्थका अध्ययन किया था। रुद्रपल्लीय गच्छके संघतिलकसूरिने सम्यक्त्वसप्ततिकावृत्तिमें सूरिजीको अपना विद्यागुरु बतलाया है। इसी तरह, सं० १३४९ में नागेन्द्र गच्छके श्री मल्लीषेण सूरिने अपनी स्याद्वादमञ्जरीमें जिनप्रभ सूरिजी द्वारा प्राप्त सहायताका उल्लेख किया है।

सम्राट्का स्मरण और आमंत्रण –

एक वार दिल्लीमें बादशाह महम्मद तुगुलक अपनी सभामें विद्वानोंके साथ विद्वद्गोष्ठी करता था। उसको किसी शास्त्रीय विचारमें सन्देह उत्पन्न हो जाने पर उपस्थित पण्डितों द्वारा समाधान न होनेसे एकाएक श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी स्मृति हो आई। उसने कहा –'यदि इस समय राजसभामें वे सूरि विद्यमान होते तो अवश्य हमारे संशय का निराकरण हो जाता। सचमुच उनकी विद्वत्ता अगाध है।' इस प्रकार सम्राट्के मुखसे सूरिजीकी प्रशंसा सुन कर दौलताबादसे आए हुए ताजुलमल्लिकने शिर झुका कर निवेदन किया – 'स्वामिन्! वे महात्मा अभी दौलताबादमें हैं, परंतु वहांका जलवायु अनुकूल न होनेसे वे बहुत कृश हो गये हैं!' यह सुन कर प्रसन्नता पूर्वक सूरिजीके गुणोंका स्मरण करते हुए उस मल्लिकको आज्ञा दी कि तुम शीघ्र दुवीरखाने जाकर फरमान लिखा कर सामग्री सहित भेजो, जिससे वे आचार्य देवगिरिसे यहां शीघ्र पहुंच सकें। सम्राट्की आज्ञासे मल्लिकने वैसा ही किया। यथा समय शाही फरमान दौलताबादके दीवानके पास पहुंचा। सूबेदार कुतुहलखानने सूरिजीको दिल्ली पधारनेके लिये सविनय प्रार्थना करते हुए शाही फरमान बतलाया। सूरि महाराजने सप्ताह भरमें (१० दिन बाद) तैयार होकर ज्येष्ठ सुदि १२ को राजयोगमें संघके साथ वहांसे प्रास्थान किया।

अल्लावपुरमें उपद्रव निवारण –

स्थान स्थानमें धर्म-प्रभावना करते हुए सूरि महाराज अल्लावपुर दुर्ग पधारे। असहिष्णु म्लेच्छोंको एक जैनाचार्यकी इस प्रकारकी महिमा सह्य नहीं हुई। उन लोगोंने सथवाडेके लोगोंकी बहुतसी वस्तुएं छीन लीं एवं इसी प्रकार कितने ही उपद्रव करने प्रारम्भ कर दिये। जब दिल्लीमें विराजमान श्रीजिनदेव सूरजीको यह वृत्तान्त ज्ञात हुआ तो उन्होंने तत्काल सम्राट्को सारा हाल कह सुनाया। सम्राट्ने बहुमान पूर्वक फरमान भेज कर वहांके मल्लिक द्वारा लोगोंकी सारी वस्तुएं वापिस दिला दीं। इससे सूरिजीका अद्भुत प्रभाव पड़ा, उन्होंने १॥ मास रह कर वहांसे प्रस्थान कर दिया। क्रमशः विचरते हुए जब आप सिरोह पहुंचे तो सम्राट्ने उन्हें देवदूष्यकी भाँति सुकोमल १० वस्त्र भेज कर सत्कृत किया। वहांसे विहार करके दिल्ली पहुंचे।

दिल्लीमें सम्राट्से पुनर्मिलन –

जैनसंघ और सम्राट् उनके दर्शनोंके लिये चिर कालसे उत्कण्ठित था ही। पूज्य श्रीके शुभागमनसे उनका हृदय अत्यन्त प्रफुल्लित हो गया। मिती भादवा सुदि २ के दिन मुनिमण्डल एवं श्रावकसंघके साथ युगप्रधान गुरुजी राजसभामें पधारे। सम्राट्ने मृदु वचनोंसे वन्दन पूर्वक कुशल प्रश्न पूछा और अत्यन्त स्नेहवश सूरजीके हाथको चुम्बन कर अपने हृदय पर रखा। सूरि महाराजने तत्काल ही नवीन निर्मित पद्यों द्वारा आशीर्वाद दिया। जिसे श्रवण कर सम्राट्का चित्त अत्यन्त चमत्कृत हुआ। सूरिजीके साथ वार्तालाप होनेके अनन्तर विशाल महोत्सव पूर्वक अपने हिन्दु राजाओं और प्रधान पुरुषोंके साथ वाजिंत्रादि बजते हुए सन्मान पूर्वक सम्राट्ने सुलतान सरायकी पौषधशालामें उन्हें पहुंचा दिया। उनका प्रवेशोत्सव अपूर्व आनंददायक और दर्शनीय था।

पर्युषणमें धर्म-प्रभावना –

मिती भादवा शुक्ला ४ के दिन संघने महोत्सव पूर्वक पर्युषणाकल्प सूरिजीसे भक्ति पूर्वक श्रवण किया। सूरिजीके आगमन और प्रभावनाके पत्र पा कर देशान्तरीय संघ हर्षित हुआ। सूरिजीने राजबन्दी श्रावकोंको

लाखों रुपयोंके दण्डसे मुक्त कराया; एवं अन्य लोगोंको भी करुणावान् पूज्यश्रीने कैदसे छुड़ाया। जो लोग अवकृपा प्राप्त हो गए थे वे भी सूरिजीके प्रभावसे पुनः प्रतिष्ठाप्राप्त हुए। सूरिजी निरन्तर राजसभामें जाते थे। उन्होंने अनेक वादियों पर विजय प्राप्त कर जिन शासनकी शोभा बढाई थी। सं० १३८९ के ज्येष्ठ सुदि ५ को 'वीरगणधर' कल्प और मिती भादवा सुदि १० को दिल्लीमें ही **विविधतीर्थकल्प** नामक अद्वितीय ग्रन्थरत्नकी पूर्णाहुती की।

फाल्गुन मासमें, दौलताबादसे सम्राट्की जननी मगदूमई जहांके आने पर, चतुरङ्ग सेनाके साथ बादशाह उसकी अभ्यर्थनामें सन्मुख गया। उस समय सूरि महाराज भी साथ थे। वडथूण स्थानमें मातासे मिल कर सम्राट्ने सबको प्रचुर दान दिया। प्रधानादि अधिकारियोंको वस्त्रादि देकर सत्कृत किया। वहांसे दिल्ली आकर सूरिजीको वस्त्रादि देकर सन्मानित किया।

दीक्षा और बिम्बप्रतिष्ठादि उत्सव –

चैत सुदि १२ के दिन, राजयोगमें, सम्राट्की अनुमतिसे उसके दिये हुए साईबाणकी छायामें नन्दी स्थापना की। सूरिजीने वहां ५ शिष्योंको दीक्षित किया। मालारोपण, सम्यक्त्व ग्रहण आदि धर्मकृत्य हुए। स्थिरदेवके पुत्र ठ० मदनने इस प्रसङ्ग पर बहुतसा द्रव्य व्यय किया।

मिती आषाढ सुदि १० को नवीन बनवाये हुए १३ अर्हत बिंबोंकी सूरिजीने महोत्सव पूर्वक प्रतिष्ठा की। बिम्बनिर्माता एवं सा० पद्मराजके पुत्र अजयदेवने प्रतिष्ठा-महोत्सवमें पुष्कळ द्रव्य व्यय किया।

सम्राट् समर्पित भट्टारक-सरायमें प्रवेश –

सुलतान सराय राजसभासे काफी दूर थी; अतः सूरिजीको हमेशा आनेमें कष्ट होता है ऐसा विचार कर सम्राट्ने अपने महलके निकटवर्ती सुन्दर भवनों वाली नवीन सराय समर्पण की। श्रावक-संघको वहां पर रहनेकी आज्ञा देकर बादशाहने उसका नाम 'भट्टारक सराय' प्रसिद्ध किया। वहां पर वीरप्रभुका मन्दिर व पौषधशाला बनवाई। सं० १३८९ मिती आषाढ कृष्णा ७ को, उत्सव पूर्वक सूरि महाराजने पौषधशालामें प्रवेश किया। इस प्रसङ्ग पर विद्वानों एवं दीन अनाथोंको यथेष्ट दान दिया गया।

मथुरा तीर्थका उद्धार –

मार्गशिर महिनेमें सम्राट्ने पूर्व देशकी ओर विजय प्राप्त करनेके हेतु ससैन्य प्रस्थान किया। उस समय उन्होंने सूरिजीको भी वीनति करके अपने साथमें लिये। स्थान स्थान पर बन्दीमोचनादि द्वारा शासन-प्रभावना करते हुए सूरि महाराजने मथुरा तीर्थका उद्धार कराया।

हस्तिनापुरकी यात्रा और प्रतिष्ठा –

शाही सेनाके साथ पैदल विहार करते हुए सूरिजीको कष्ट होता है, यह विचार कर सम्राट्ने खोजे जहां मल्लिकके साथ उन्हें आगरेसे दिल्ली लौटा दिया। हस्तिनापुरकी यात्राका फरमान लेकर आचार्य श्री दिल्ली पहुंचे। चतुर्विध संघ हस्तिनापुरकी यात्राके निमित्त एकत्र हुआ। शुभ मुहूर्तमें बोहित्थ (चाहड पुत्र) को संघपतिका तिलक कर वहांसे प्रस्थान किया। संघपति बोहित्थने स्थान स्थान पर महोत्सव किये।

तीर्थभूमिमें पहुंच कर तीर्थको बधाया। नवनिर्मित शान्तिनाथ, कुंथुनाथ, अरनाथ आदि तीर्थंकरोंके बिम्बोंकी सूरिजीसे प्रतिष्ठा करवाई। अंबिकादेवीकी प्रतिमा स्थापित की। संघपतिने संघवात्सल्यादि किये। संघने वस्त्र, भोजन आदि द्वारा याचकोंको सन्तुष्ट किया। संवत् १३८९ वैशाख सुदि ६ के दिन रचित,

हस्तिनापुर तीर्थकल्पमें, संघ सहित यात्रा करनेका सूरिजीने स्वयं उल्लेख किया है। तीर्थयात्रासे लौट कर सूरिजीने वैशाख सुदि १० के दिन श्रीकन्यानयनके महावीर बिम्बको सम्राट्के बनवाये हुए जैन मन्दिरमें महोत्सव पूर्वक स्थापित किया।

इधर सम्राट् भी दिग्विजय करके दिल्ली लौटा। जैनमन्दिर और उपाश्रयोंमें उत्सव होने लगे। सम्राट् एवं सूरिजीका सम्बन्ध उत्तरोत्तर घनिष्ठता प्राप्त करने लगा। अतः सूरिजी और सम्राट् दोनोंके द्वारा जिनशासनकी बड़ी प्रभावना होने लगी। सूरिजीके प्रभावसे दिगम्बर श्वेताम्बर समस्त जैन संघ व तीर्थोंका उपद्रव शाही फरमानों द्वारा सर्वथा दूर हो गया।

ग्रन्थान्तरोंके चमत्कारिक उल्लेख–

सुलतान प्रतिबोधका उपर्युक्त वृत्तान्त, विविधतीर्थकल्प ग्रन्थान्तर्गत **'श्रीकन्यानयन-महावीर प्रतिमाकल्प'** और रुद्रपल्लीय गच्छके श्रीसोमतिलक सूरि कृत **'कन्यानयन-श्रीमहावीर-तीर्थकल्प परिशेष'** से लिखा गया है जो कि प्रथम स्वयं सूरि महाराजकी और दूसरी समकालीन रचना है। अब प्राकृत जिनप्रभसूरिप्रबन्धादि ग्रन्थान्तरोंसे सूरिजी एवं सम्राट् सम्बन्धी विशेष बातें संक्षेपमें दी जाती हैं।

पद्मावती सांनिध्य–

पद्मावती देवीकी सूचनानुसार सूरिजी दिल्लीके शाहपुरामें आकर ठहरे। एक वार शौचभूमि जाते समय अनार्योंने लेष्टु (ढेला-पत्थर) आदि द्वारा उन्हें अपमानित किया। पद्मावती देवीने उन अनार्योंको उचित शिक्षा दी। इससे उन्होंने भाग कर सुलतान महमदशाहसे सारा वृत्तान्त कहा। उसने चमत्कृत हो कर सूरिजीको अपने यहां बुलाया। सूरिजीके कुम्भकासनादि द्वारा सम्राट्का चित्त अत्यन्त प्रभावित हुआ।

व्यन्तरोपद्रव निवारण–

एक वार सम्राट्ने सूरिजीसे कहा – 'मेरी प्रिया बालादेको किसी व्यन्तरकी बाधा है जिससे वह वस्त्र-ग्रहणादि शरीर शुश्रूषा नहीं करती। आपका प्रभाव असाधारण है अतः कृपया किसी प्रकारसे इस व्यन्त-रोपद्रवका निवारण करें'। सूरिजीने कहा, – 'अच्छा! उसके पास जाकर कहो कि जिनप्रभ सूरि आते हैं।' सम्राट्ने वैसा ही किया। सूरिजीके आगमनकी बात सुन कर बालादेने सहसा उठ कर दासीसे वस्त्र मंगा कर पहन लिये। सूरि महाराजके नाममें ही कैसा अद्भुत प्रभाव है इसका प्रत्यक्ष फल देख कर सम्राट् अत्यन्त प्रसन्न हुआ, और सूरिजीको महलमें पधारनेकी वीनति की। सूरिजीने आते ही बालादेके देहमें प्रविष्ट व्यन्तरको कहा – 'दुष्ट! तूं यहां कहांसे आया, चला जा'। उसने जब जानेकी आनाकानी की तो गुरुदेवने मेघनाद क्षेत्रपालके द्वारा उसे भगा दिया। रानी स्वस्थ हो गई और सूरिजीके प्रति अत्यन्त भक्तिभाव रखने लगी।

इर्ष्यालु राघव चेतनको शिक्षा–

एक वार सम्राट्की सेवामें काशीसे चतुर्दशविद्यानिपुण मंत्र-तंत्रज्ञ राघवचेतन नामका ब्राह्मण आया। उसने अपनी चातुरीसे सम्राट्को रञ्जित कर लिया। सम्राट् पर जैनाचार्य श्रीजिनप्रभ सूरिजीका प्रभाव उसे बहुत अखरता था। अतः उन्हें दोषी ठहरा कर, उनका सम्राट् पर प्रभाव कम करनेके लिये सम्राट्की मुद्रिका अपहरण कर सूरिजीके रजोहरणमें प्रच्छन्न रूपसे डाल दी। पद्मावती देवीसे वृत्तान्त ज्ञात कर सूरिजीने धीरेसे उस मुद्रिकाको राघव चेतनकी पगडी पर लटका दी। सम्राट् मुद्रिका न पा कर इधर उधर देखने लगा तो राघव चेतनने कहा – 'आपकी मुद्रिका सूरिजीके पास है!' सम्राट्ने जब सूरिजीकी ओर देखा तो उन्होंने

कहा—'उलटा चोर कोतवालको दण्डे!' वाली उक्ति चरितार्थ हो रही है; मुद्रिका तो इसके मस्तक पर पड़ी है और यह हमारे पास बतलाता है। जब सम्राट्ने उसकी तलाशी ली तो वह अपनी करणीका फल पा कर म्लानमुख हो गया—"खाड खने जो और को ता को कूप तैयार"।

कलंदर मुल्ला मानमर्दन—

इसी प्रकार फिर कभी राजसभामें खुरासानसे एक कलन्दर मुल्ला आया। उसने अपना प्रभाव जमाने और सूरिजीका प्रभाव घटानेके लिए अपनी टोपीको आकाशमें फैंक कर अधर रखी और गर्वपूर्वक सम्राट्से कहने लगा—'क्या कोई आपकी सभामें ऐसा है जो इस टोपीको नीचे उतार सकता है?' सम्राट्ने सूरिजीकी ओर देखा। उन्होंने तत्काल रजोहरण फैंक कर उसके द्वारा टोपीको ताडित करते हुए फकीरके मस्तक पर गिरा दी[1]। इस कौशलसे हताश होकर कलन्दरने एक पनिहारीके मस्तक पर रहे हुए घडेको अधर स्तम्भित कर दिया। सूरिजीने कहा—'घडेको स्तंभित करनेमें क्या है, बिना घडे पानीको स्तंभित करे वही श्रेष्ठ कला है'। सम्राट्ने मुल्लासे वैसा करनेको कहा परन्तु वह न कर सका। तब सूरिजीने तत्काल घडेको कंकरसे फोड कर पानीको अधर स्तंभित दिखला दिया।

अद्भुत भविष्य-वाणी—

एक समय सम्राट्ने शाही सभामें बैठे हुए समस्त पण्डितोंसे पूछा—'कहिये! आज मैं किस मार्गसे राजवाटिकामें जाऊंगा?' सभी पण्डितोंने अपनी अपनी बुद्धिके अनुसार लिख कर सम्राट्को दे दिया। सम्राट्ने सूरिजीसे कहा तो उन्होंने भी अपना मन्तव्य लिख दिया। सब चिट्ठीयोंको अपने दुप्पट्टेमें बांध कर सम्राट्ने विचार किया, कि आज किसी ऐसे मार्गसे जाना चाहिए जिससे ये सब असत्यवादी सिद्ध हो जावें। विचारानुसार वह किलेके बुर्जको तुडवा कर नवीन मार्गसे राजवाटिकामें पहुंचा और एक वट वृक्षकी छायामें बैठ कर सब पण्डितों और सूरिजीको बुलाया। सबके लेख पढे गये और वे असत्य प्रमाणित हुए। अन्तमें सूरिजीका लेख पढा गया। उसमें लिखा था—'किलेके बुर्जको तोड कर राजवाटिकामें जा कर सुल-तान वट वृक्षके नीचे विश्राम करेंगे।' इस अद्भुत निमित्तको श्रवण कर सभी विद्वान और विशेषतः सम्राट् अत्यन्त विस्मित हुए और सम्राट्ने स्पष्ट रूपसे सबके समक्ष सूरिजीकी इन शब्दोंमें स्तुति की कि—'सच-मुच यह बात मनुष्यकी कल्पनासे भी अगम्य है। ये गुरु मनुष्य रूपमें साक्षात् परमेश्वर हैं।' इसी प्रकार अन्यदा सम्राट्के यह पूछने पर कि—'मैं आज क्या खाऊंगा?' सूरिजीने निमित्त बलसे एक पुर्जेमें अपना मन्तव्य लिख दिया और भोजनानन्तर खोलनेको कहा। सुलतानने "खोल" खाया और जब सूरिजीका लिखा हुआ पुर्जा देखा गया तो उसमें भी वही लिखा पाया।

वट वृक्षको साथ चलाना—

एक वार सम्राट्ने देशान्तर जानेके लिये प्रस्थान कर एक शीतल छायावाले वृक्षके नीचे विश्राम किया। सम्राट्ने आराम पा कर उस वृक्षकी बहुत प्रशंसा की और कहा कि—'यदि यह वृक्ष अपने साथ रहे तो क्या ही अच्छा हो!' सूरिजीने अपने लोकोत्तर विद्या-प्रभावसे वृक्षको भी सम्राट्का सहगामी बना दिया। पांच कोस तक वृक्ष साथ चला; फिर सूरिजीने सम्राट्के कहनेसे उस वृक्षको वापिस स्वस्थान

---

[1] सम्राट्के समक्ष मुल्लाकी टोपीको रजोहरण द्वारा आकाशसे गिरानेका उल्लेख युगप्रधान श्रीजिनचंद्रसूरिजीके संबन्धमें भी आता है। इसी प्रकार अमावास्याके दिन पूर्णचंद्रका उदय करनेका प्रसङ्ग भी यु० जिनचन्द्रसूरि और सम्राट् अकबरके चरित्रोंमें आता है। हमारे विचारसे ये दोनों बातें श्रीजिनप्रभसूरिजीके सम्बन्धकी होंगी।

जानेकी आज्ञा दी। तब वृक्ष भी सम्राट्को नमस्कार करके स्वस्थान चला गया। इस अनोखे चमत्कारसे सूरिजीके प्रति सम्राट्की श्रद्धा अत्यधिक दृढ हो गई।

बादशाह महमद तुगुलक क्रमशः प्रयाण करते हुए मारवाड़ पहुंचा। वहांके लोग सम्राट्के दर्शनार्थ आये। उन्हें उत्तम वस्त्राभरणोंसे रहित देख कर सम्राट्ने सूरिजीसे कहा—'ये लोग लूटे हुएसे क्यों मालूम होते हैं?' सूरिजीने कहा—'राजन्! यह मरुस्थली है; जलाभावके कारण धान्यादिकी उपज अत्यल्प होती है, अतएव निर्धनतावश इनकी ऐसी स्थिति है।' सम्राट्ने करुणार्द्र होकर प्रत्येक मनुष्यको पाँच पाँच दिव्य वस्त्र और प्रत्येक स्त्रीको दो दो स्वर्णमुद्राएं एवं साड़ी प्रदान कीं।

महावीर प्रतिमाका बोलना—

कन्यानयनकी श्री महावीर प्रतिमाको सूरिजीने सम्राट्से प्राप्त की थी, जिसका उल्लेख ऊपर आ ही चुका है। प्राकृत प्रबन्धमें लिखा है कि—जिस समय सम्राट्ने उस प्रतिमाका दर्शन किया और सूरिजीने प्रतिमाको जैन संघके सुपुर्द करनेका उपदेश दिया, तब सम्राट्ने कहा—'यदि यह प्रतिमा मुंहसे बोले तो मैं आपको दे सकता हूं।' इस पर सूरिजीने कहा—'प्रतिमाकी विधिवत् पूजा करनेसे वह अवश्य बोलेगी।' सम्राट्ने कौतुकसे उनके कथनानुसार पूजन किया और दोनों हाथ जोड़ कर विनीत भावसे प्रतिमाको बोलनेके लिए प्रार्थना की। तत्काल ही देवप्रभावसे अपना दाहिना हाथ लम्बा करके वह इस प्रकार बोली—

विजयतां जिनशासनमुज्वलं विजयतां भूभुजाधिपवल्लभा।
विजयतां भुवि साहि महम्मदो विजयतां गुरुसूरिजिनप्रभः।

अपने पूछे हुए प्रश्नोंका प्रभुप्रतिमासे सन्तोषजनक उत्तर पा कर सम्राट्के चित्तमें अत्यन्त चमत्कृति उत्पन्न हुई और उस प्रतिमाकी पूजाके निमित्त खरह और मातंड नामक दो ग्राम दिये और मन्दिर बनवा दिया।

सम्राट्की शत्रुंजय यात्रा और रायणकी दूधवर्षा—

एक बार सुलतानने गुरुजीसे पूछा—'जिस प्रकार यह कान्हड़ महावीरका चमत्कारी तीर्थ है, क्या वैसा ही और कोई तीर्थ है?' सूरिजीने तीर्थाधिराज शत्रुंजयका नाम बतलाया। तब संघके साथ सम्राट् सूरिजीको लेकर शत्रुंजय गया। रायण रुंखकी यात्रा करते समय सूरिजीने कहा—'यदि इस रायणको मोतियोंसे बधाया जाय तो इसमेंसे दूधकी बर्षा होती है।' सम्राट्ने ऐसा ही किया, जिससे रायण रुंखसे दूध झरने लगा। इससे चमत्कृत हो कर सम्राट्ने वहां पर ऐसा लेख लिखवाया कि इस तीर्थकी जो अवज्ञा करेगा उसे सम्राट्की अवज्ञाका महान् दण्ड मिलेगा। शत्रुंजयकी तलहट्टीमें सर्व दर्शनोंके मान्य देवताओंकी मूर्तियां एकत्र कर मध्य भागमें जिनप्रतिमाको रखा और स्वयं सशस्त्र मुसाहिबोंके बीचमें बैठ कर लोगोंसे पूछा—'बड़ा कौन है?' लोग बोले—'आप ही बड़े हैं।' तो सुलतानने कहा जिस प्रकार हथियार वाले सब सेवक और मैं उनका मालिक हूं वैसे ही अस्त्र शस्त्र धारण करने वाले सब देवता सेवक हैं और जैन तीर्थङ्कर सब देवोंमें बड़े हैं।

गिरनारकी अच्छेद्य प्रतिमा—

वहांसे सूरिजी एवं संघके साथ सम्राट्ने गिरनार पर्वतकी यात्रा की। वहांके श्रीनेमिनाथ प्रभुके बिम्बको अच्छेद्य और अभेद्य सुन कर परीक्षाके निमित्त उस पर कई प्रहार करवाये, पर प्रहारोंसे प्रभु-प्रतिमा खण्डित

न हो कर उससे अग्निकी चिनगारियां निकलने लगीं। तब सम्राट्ने प्रतिमाके समक्ष क्षमा याचना कर उसे स्वर्णमुद्राओंसे बधाई।

विजय-यन्त्र-महिमा—

एक वार मन्त्र-यन्त्रके माहात्म्यके सम्बन्धमें सूरिजी और सम्राट्में वार्तालाप हो रहा था। सम्राट्ने प्रसङ्गवश विजय-यन्त्रकी महिमा सुन कर उसके प्रभावको प्रत्यक्ष देखना चाहा। सूरिजीने विजय-यन्त्र देते हुए सम्राट्से कहा—'जिसके पास यह यंत्र होता है उसे देवताओंके अस्त्र भी नहीं लगते और कुपित शत्रु भी अनिष्ट नहीं कर सकते।' सम्राट्ने उस यन्त्रको एक बकरेके गलेमें बांध कर उस पर खड्गके कई प्रहार किये परन्तु यन्त्रके प्रभावसे बकरेके तनिक भी घाव नहीं हुआ। तब फिर उस यंत्रको छत्रदण्ड पर बांध कर उसके नीचे एक चूहेको रखा गया और सामनेसे बिल्ली छोड़ी गई। चूहेको पकड़नेके लिए बिल्ली दौड़ी अवश्य, परन्तु यन्त्रके प्रभावसे छत्रके नीचे न आ सकी, जिससे वह चूहा बाल बाल बच गया। यंत्रका यह अक्षुण्ण प्रभाव देख कर सम्राट्ने ताम्रमय दो यन्त्र बनवा कर एक स्वयं रखा और एक सूरिजीको दे दिया।

इसी प्रकारके चमत्कारी प्रवादोंमें अमावसको पूनम बना देना, शीतज्वरको झोलीमें बांधके रख देना, भैंसेके मुखसे वाद कराना, आदि जनश्रुतियां भी पाई जाती हैं।

बुद्धिशाली कथन—

पं० श्रीशुभशीलगणिके कथाकोशमें उपर्युक्त प्रवादोंके साथ सम्राट्के पूछे हुए दो प्रश्नोंके सूरिजी द्वारा दिये गये युक्तिपूर्ण उत्तरोंके उल्लेख इस प्रकार हैं—

एक वार सम्राट्ने राजसभामें पूछा, कहो—'शक्कर किस चीजमें डालनेसे मीठी लगती है?' पण्डितोंमेंसे किसीने कुछ और किसीने कुछ ही उत्तर दिया। उससे सम्राट्को सन्तोष न होने पर सूरिजीसे पूछा। उन्होंने कहा—'शक्कर मुँहमें डालनेसे मीठी लगती है।'

इसी तरह एक वार, सम्राट् क्रीड़ाके हेतु उद्यानमें गया था, वहां जलसे भरे हुए विशाल सरोवरको देख कर सबसे पूछा—'यह सरोवर धूलि आदि द्वारा भरे बिना ही छोटा कैसे हो सकता है?' कोई भी इस प्रश्नका युक्तिपूर्ण उत्तर न दे सका; तब सूरिजीने कहा—'यदि इस सरोवरके पास अन्य कोई बड़ा सरोवर बनाया जाय तो उसके आगे यह सरोवर स्वयमेव छोटा कहलाने लग जायगा।'

एक समय सुलताननने सूरिजीसे पूछा कि—'पृथ्वी पर कौनसा फल बड़ा है?' उन्होंने कहा—'मनुष्योंकी लज्जा रखने वाली वउणी (कपास)का फल बड़ा है।'

सोमप्रभसूरि मिलन और अपराधी चूहेको शिक्षा—

सं० १५०३ में विरचित श्रीसोमधर्मकृत उपदेशसप्तति और संस्कृत जिनप्रभसूरि-प्रबन्धमें लिखा है कि—एक वार श्रीजिनप्रभ सूरिजी पाटणके निकटवर्ती जंघराल नगरमें पधारे तो वहां तपागच्छीय श्रीसोमप्रभ सूरिजीसे मिलनेके लिये गये। सोमप्रभ सूरिजीने खड़े हो कर बहुमान पूर्वक आसनादि द्वारा उनका सन्मान करते हुए कहा—'भगवन्! आपके प्रभावसे आज जैनधर्म जयवन्त वर्त रहा है। आपकी शासन-सेवा परम स्तुत्य है।' प्रत्युत्तरमें श्रीजिनप्रभ सूरिजीने कहा—'सम्राट्की सेनाके साथ एवं सभामें रहनेके कारण हम चारित्रका यथावत् पालन नहीं कर सकते। आपका चारित्रगुण श्लाघनीय है।' इस प्रकार दोनों आचार्योंका शिष्ट संभाषण हो रहा था, इतने-हीमें एक मुनिने प्रतिलेखन करते समय, अपनी सिक्किका

(झोली)को चूहों द्वारा काटी हुई देख कर सोमप्रभ सूरिजीको दिखलाई। श्रीजिनप्रभ सूरिजी भी पासमें बैठे थे, उन्होंने आकर्षणी विद्यासे उपाश्रयके समस्त चूहोंको रजोहरण द्वारा आकर्षित कर लिया और उनसे कहा कि—'तुममेंसे जिसने इस सिक्किकाको काटी हो वह यहां ठहरे, बाकी सब चले जाँय'। तब केवल अपराधी चूहा वहां रह गया, और बाकी सब चले गये। उसे भविष्यमें ऐसा न करनेको कह कर उपाश्रयका प्रदेश छोड़ देनेकी आज्ञा दे दी। इससे श्रीसोमप्रभ सूरि और मुनिमण्डली बड़ी विस्मित हुई।

योगिनी प्रतिबोध—

प्राकृत प्रबन्धमें लिखा है कि—एक वार चौसठ योगिनी श्राविकाके रूपमें सूरिजीको छलनेके लिये आई और सामायक ले कर व्याख्यान श्रवणार्थ बैठीं। पद्मावती देवीने योगिनीयोंकी भावनाको सूरिजीसे विदित कर दी। तब सूरिजीने उन्हें व्याख्यान श्रवणमें निमग्न देख कर वहां खील करके स्तम्भित कर दीं। व्याख्यान समाप्तिके अनन्तर जब वे उठनेको प्रस्तुत हुईं तो अपनेको आसनों पर चिपकी हुई पाईं। यह देख कर सूरिजीने मृदु हास्यपूर्वक उनसे कहा—'मुनियोंके गोचरीका समय हो गया है, अतः शीघ्र वन्दना व्यवहार करके अवसर देखो!' मन-ही-मन लज्जित होती हुईं योगिनियोंने कहा—'भगवन्! हम तो आपको छलनेके लिये आई थीं पर आपने तो हमें ही छल लिया। अब कृपा कर मुक्त करें।' सूरिजीने कहा—'हमारे गच्छके अधिपति जब योगिनीपीठ (उज्जैनी, दिल्ली, अजमेर, भरौंच) में जाँय तो उन्हें किसी प्रकारका उपद्रव नहीं करनेकी प्रतिज्ञा करो तो छोड़ सकता हूं।' योगिनियां इस बातका स्वीकार कर स्वस्थान चली गईं। इसके बाद खरतर गच्छके आचार्य सर्वत्र निर्विघ्नतया विहार करते रहे।

शैवोंको जैन बनाना—

सं० १३४४ (? ७४)में खंडेलपुरमें जंगल गोत्रके बहुतसे शिवभक्तोंको प्रतिबोध दे कर जैन बनाए।

देवीउपद्रव निवारण—

शुभशीलगणिके कथाकोशमें लिखा है कि—एक नगरमें श्रावक लोगोंको दो दुष्ट देवियां रोगोपद्रवादि किया करती थीं, सूरिजीको ज्ञात होने पर उन्होंने उन देवियोंको आकर्षित कीं। उसी समय उस नगरके संघने दो श्रावकोंको इसी कार्यके लिये सूरिजीके पास भेजा था। उन्होंने, उपद्रवकारी देवियोंको सूरिजी समझा रहे हैं, यह अपनी आँखोंसे देखा तो उन्हें बड़ा विस्मय हुआ। उनके प्रार्थना करनेके पूर्व ही सूरिजीने उस उपद्रवको दूर करवा दिया। श्रावकोंने लौट कर संघके समक्ष सब वृत्तान्त कह कर सूरिजीकी भूरि भूरि प्रशंसा की।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी साहित्य सम्पत्ति—

श्रीजिनप्रभ सूरिजीने साहित्यकी अनुपम सेवा की है। उनकी कृतियां जैन समाजके लिये अत्यन्त गौरवपूर्ण है। इन कृतियोंमेंसे रचना समयके उल्लेख वाली कृतियोंका निर्देश तो यथास्थान किया जा चुका है। पर बहुतसी कृतियोंमें रचना समयका उल्लेख नहीं है। अतः यहां उनकी सभी कृतियोंकी यथा ज्ञात सूची दी जाती है।

१ कातन्त्र विभ्रमटीका, ग्रं० २६१, सं० १३५२, योगिनीपुर, कायस्थ खेतलकी अभ्यर्थनासे।
२ श्रेणिक चरित्र (द्व्याश्रयकाव्य), सं० १३५६ (कुछ भाग प्रकाशित)
३ विधिप्रपा, ग्रं० ३५७४, सं० १३६३ विजयदशमी, कोशलानयर।
४ कल्पसूत्रवृत्ति—सन्देहविषौषधि, ग्रं० २२६९, सं० १३६४, अयोध्या, (प्रकाशित)

५ अजितशान्तिवृत्ति (बोधदीपिका) सं० १३६५ पोष, ग्रं० ७४०, दाशरथिपुर (प्र०)

६ उपसर्गहरस्तोत्रवृत्ति (अर्थकल्पलता), ग्रं० २७१, सं० १३६४ पो० व० ९, साकेतपुर (प्र०)

७ भयहरस्तोत्रवृत्ति (अभिप्रायचन्द्रिका), सं० १३६४, पो० सु० ९, साकेतपुर।

८ पादलिप्तकृत वीरस्तोत्रवृत्ति, सं० १३८०, (चतुर्विंशतिप्रबन्ध अनुवादके परिशिष्टमें प्र०)

९ राजादि-रुचादिगणवृत्ति, सं० १३८१।

१० विविधतीर्थकल्प, सं० १३९० तकमें पूर्ण (सिंघी जैन ग्रन्थ मालामें प्रकाशित)

११ विदग्धमुखमण्डनवृत्ति (इसकी एक मात्र प्रति बीकानेरके श्रीजिनचारित्रसूरि-भंडारमें है)।

१२ साधुप्रतिक्रमणवृत्ति, जैनस्तोत्रसंदोह, भा० २, प्रस्तावना पृ० ५१ में इसका रचना काल सं० १३६४ लिखा है।

१३ हैमव्याकरणानेकार्थकोष, श्लो० २००, (पुरातत्त्व, वर्ष २, पृ० ४२४ में उल्लिखित)

१४ प्रत्याख्यानस्थानविवरण
१५ प्रव्रज्याभिधानवृत्ति
१६ वन्दनस्थानविवरण
१७ विषमकाव्यवृत्ति
१८ पूजाविधि
} इनका उल्लेख, हीरालाल कापड़ियाकी 'चतुर्विंशति जिनानन्द-स्तुति'की प्रस्तावना, पृ० ४० में है।

१९ तपोटमतकुट्टन

२० परमसुखद्वात्रिंशिका, गा० ३२

२१ सूरिमन्त्राम्नाय (सूरिविद्याकल्प).

२२ वर्द्धमानविद्या, प्रा० गा० १७

२३ पद्मावती चतुष्पदिका, गा० ३७

२४ अनुयोगचतुष्टयव्याख्या (प्र०)

२५ रहस्यकल्पद्रुम, अलभ्य, उल्लेख ग्रं० नं० २४ में।

२६ आवश्यकसूत्रावचूरि (षडावश्यक टीका) उल्लेख 'जैन साहित्यनो सं० इतिहास' तथा जैनस्तोत्र-संदोह भाग २.

२७ देवपूजाविधि – विधिप्रपा परिशिष्टमें प्रकाशित.

जै० सा० सं० इ० ४२०, और जैनस्तोत्रसं० भा० २, प्रस्तावनामें इनके रचित ग्रन्थोंमें, चतुर्विधभावनाकुलक आदि कई अन्य कृतियोंका उल्लेख है पर हमें वे आगमगच्छीय जिनप्रभसूरिरचित प्रतीत होती हैं (देखो, जै० गु० क० भा० १, प्रस्तावना पृ० ८०–८१)

स्तुति-स्तोत्रादिकी सूची†

क्रमाङ्क	नाम	पद्य प्रारम्भ	भाषा	पद्यसंख्या	विशेष
१	श्रीजिनस्तोत्र (१० दिग्पाल-स्तुतिगर्भ)	अस्तु श्रीनाभिभूदेवो	सं०	११	श्लेषमय
२	श्रीऋषभजिनस्तोत्र	अल्लाल्लाहि ! तुराहं		११	पारसी भाषा
३	श्रीऋषभजिनस्तोत्र	निरवधिरुचिरज्ञानं		४०	अष्टभाषामय
४	श्रीअजितजिनस्तोत्र	विश्वेश्वरं मथितमन्मथ०		२१	महायमक
५	श्रीचन्द्रप्रभजिनस्तुति	देवैर्यस्तुष्टुवे तुष्टैः	सं०	४	समचरण-साम्य
६	,, ,,	नमो महासेननरेन्द्रतनुज !		१३	षड्भाषामय
७	श्रीशान्तिजिनस्तवन	श्रीशान्तिनाथो भगवान्	सं०	२०	
८	श्रीमुनिसुव्रतजिनस्तोत्र	निर्माय निर्माय गुणर्द्धि	सं०		त्र्यक्षर यमक
९	श्रीनेमिजिनस्तोत्र	श्रीहरिकुलहीराकर०	सं०	२०	क्रियागुप्त
१०	श्रीपार्श्वजिनस्तोत्र	अधियदुपनमन्तो	सं०	१२	सं० १३६९
११	,, ,,	कामे वामेय ! शक्तिर्भवतु	सं०	१७	
१२	,, ,, (जीरापल्ली)	जीरिकापुरपतिं सदैव तं	सं०	१५	त्र्यक्षर यमक
१३	,, ,, (प्रातिहार्य)	त्वां विनुत्य महिमश्रिया महं	सं०	१०	समचरण-साम्य
१४	,, ,, (नवग्रहग०)	दोसावहारदक्खो	प्रा०	१०	प्राकृत
१५	,, ,,	पार्श्वनाथमनघं	सं०	९	
१६	,, ,,	पार्श्वं प्रभु शश्वदकोपमानम्	सं०	८	पादान्तयमक
१७	,, ,,	श्रीपार्श्व ! पादानतनागराज	सं०	८	,,
१८	,, ,,	श्रीपार्श्वं भावतः स्तौमि	सं०	९	समचरण-साम्य
१९	,, ,,	श्रीपार्श्वः श्रेयसे भूयात्	सं०	४४	
२०	,, (फलवर्द्धि)	सयलाहिवाहिजलहर०	प्रा०	१२	प्राकृत
२१	श्रीवीरजिनस्तोत्र	असमशमनिवासं	सं०	२५	विविधछंद जाति
२२	श्रीवीरजिनस्तोत्र	कंसारिक्रमनिर्यदापगा०	सं०	२५	छंदनाममय
२३	,, ,,	चित्रैः स्तोष्ये जिनं वीरं	सं०	२७	चित्रमय
२४	,, ,,	निस्तीर्णविस्तीर्णभवार्णवं	सं०	१७	लक्षणप्रयोग
२५	,, (पंचकल्याणक)	पराक्रमेणेव पराजितोऽयं	सं०	३६	
२६	,, ,,	श्रीवर्द्धमानपरिपूरित०	सं०	१३	

† इनमेंसे नं० ८, १५, २९, ३३ अप्रकाशित हैं, अवशेष सब प्रकरण रत्नाकर, जैनस्तोत्रसमुच्चय, जैनस्तोत्रसन्दोह, प्राचीनजैनस्तोत्रसंग्रह आदिमें प्रकाशित हो गये हैं। नं० २ सावचूरि जैन साहित्यसंशोधकमें प्रकाशित हो चुका है। नं० १४, ४१ की अवचूरि, टिप्पण उपलब्ध है। पं० लालचंद भगवानदासने इस सूचीके अतिरिक्त "किं कप्पतरुरे" आदि वाले पंचपरमेष्ठिस्तवका भी नाम लिखा है। हीरालाल रसिकदास कापड़िया सूरिजीके सभी स्तोत्रोंका संग्रहग्रन्थ सम्पादित करके दे० ला० पु० फंडसे प्रकाशित करने वाले हैं। वह शीघ्र ही प्रगट हो यही हमारी मनोकामना है।

क्रमाङ्क	नाम	पद्य प्रारम्भ	भाषा	पद्यसंख्या	विशेष
२७	,, ,,	श्रीवर्द्धमानः सुखवृद्धयेऽस्तु	सं०	९	पद्यके आद्यान्ताक्षरोंमें नामोल्लेख
२८	,, (निर्वाणकल्याणक)	श्रीसिद्धार्थनरेन्द्रवंश०	सं०	१९	
२९	,, ,,	सिरिवीयराय देवाहिदेव	प्रा०	३५	प्राकृत
३०	,, ,,	स्वःश्रेयससरसीरुह—	सं०	२६	पंचवर्गपरिहार
३१	,, (चतुर्विंशतिजिनस्तव)	आनन्दसुन्दरपुरन्दरनम्रः	सं०	२९	
३२	,, ,,	आनम्रनाकिपति०	सं०	२५	
३३	चतुर्विंशतिजिनस्तोत्र	ऋषभदेवमनन्तमहोदयं	सं०		त्र्यक्षर यमक
३४	चतुर्विंशतिजिनस्तोत्र	ऋषभ ! नम्रसुरासुर०	सं०	२९	त्र्यक्षर यमक
३५	,,	ऋषभनाथमनाथनिमानन !	सं०	२९	,,
३६	,,	कनककान्तिधनुःशत०	सं०	२९	,,
३७	,,	जिनर्षभ ! प्रीणितभव्यसार्थ !	सं०	७	
३८	,,	तत्वानि तत्त्वानि भृतेषु सिद्ध	सं०	२८	त्र्यक्षर यमक
३९	,,	पात्वादिदेवो दशकल्पवृक्षः	सं०	२९	श्लेष
४०	,,	प्रणम्यादि जिनं प्राणी	सं०	२८	
४१	,,	यं सततमक्षमालोप०	सं०	३०	
४२	श्रीवीतरागस्तोत्र	जयन्ति पादा जिननायकस्य	सं०	१६	
४३	श्रीअर्हदादिस्तोत्र	मानेनोर्वी व्यह्नत परितो	सं०	८	
४४	श्रीपंचनमस्कृतिस्तोत्र	प्रतिष्ठितं तमःपारे	सं०	३३	
४५	श्रीमन्त्रस्तोत्र	स्वःश्रियं श्रीमदर्हन्तः	सं०	५	
४६	पंचकल्याणकस्तोत्र	निलिम्पलोकायितभूतलं	सं०	८	
४७	श्रीगौतमस्वामिस्तोत्र	जम्मपवित्तियसिरिमग्गह	प्रा०	२५	प्राकृत
४८	,,	श्रीमन्तं मगधेषु गोर्वर इति	सं०	२१	
४९	,,	ॐ नमस्त्रिजगन्नेतु	सं०	९	महामंत्रगर्भित
५०	श्रीशारदास्तोत्र	वाग्देवते ! भक्तिमतां	सं०	१३	चरणसमनता
५१	श्रीशारदाष्टक	ॐ नमस्त्रिजगद्वन्दितक्रमे !	सं०	९	
५२	श्रीवर्द्धमानविद्या	इय वद्धमाण विज्जा	प्रा०	१७	
५३	सिद्धान्तागमस्तोत्र	नत्वा गुरुभ्यः	सं०	४६	
५४	आज्ञास्तोत्र (ऋषभ०)	नयगमभंगपहाणा	प्रा०	११	प्राकृत
५५	श्रीजिनसिंहसूरिस्तोत्र	प्रभुः प्रदद्यान्मुनिपक्षिपङ्क्ते	सं०	१३	चरणसाम्य
५६	मङ्गलाष्टक	नतसुरेन्द्र ! जिनेन्द्र !	सं०	९	चौवीस जिननामगर्भित
५७	नन्दीश्वरकल्पस्तव	आराध्य श्रीजिनाधीशान्	सं०	४९	

इनके अतिरिक्त हमारे अन्वेषणमें निम्नोक्त स्तोत्र और मिले हैं—

क्रमाङ्क	नाम	पद्य प्रारम्भ	भाषा	पद्यसंख्या	विशेष
५८	श्रीफलवर्धिपार्श्वस्तोत्र	श्रीफलवर्धिपार्श्वप्रभो कारं	सं०	९	सं० १३८२ वै० सु० १०
५९	फलवर्द्धिपार्श्वस्तोत्र	जयामद्य श्रीफलवर्धिपार्श्वं	सं०	२१	
६०	पार्श्वनाथस्तवन	असमसरणीय जउ निरंतरा	प्रा०	७	ऋतुवर्णन
६१	परमेष्ठिस्तव (मंगलाष्टक)	जितभावद्विषं स्वर्विदाम्	सं०	८	
६२	चन्द्रप्रभचरित्रस्तोत्र	चंदप्पह २ पणमिय चर०	प्रा०	२२	
६३	मथुरायात्रास्तोत्र	सुराचलश्रीर्जितदेवनिर्मिता	सं०	१०	
६४	शत्रुञ्जययात्रास्तोत्र	श्रीशत्तुंजयतित्थे	प्रा०	९	सं० १३७६यात्रा
६५	मथुरास्तूपस्तुतयः	श्रीदेवनिर्मितस्तूपशृंगारति०	सं०	४	
६६	पंचकल्याणकस्तुतयः	पद्मप्रभप्रभोर्जन्मगर्भा०	सं०	१५	
६७	त्रोटक	निय जम्मु सफल	प्रा०	५	
६८	पहाड़िया राग	अकलु अमलुअ जोणि संभवु	प्रा०	४	
६९	प्रभातिक नामावलि	सौभाग्याभाजनमभंगुर	(विधिप्रपाके परिशिष्टमें प्रकाशित)		
७०	प्राकृतसिद्धान्तस्तव	सिरि वीरजिणं सुयरयण	(समाचारी शतक पृ० ७६ में प्र०)		
७१	उवसग्गहरपादपूर्ति पार्श्वस्तवन		गा०	२२	
७२	मायाबीजकल्प		प्रा०गा०	३०	
७३	शान्तिनाथाष्टक	अजिकुह काफु जुनू०	पारशीभाषाचित्रक		

श्रीजिनप्रभसूरिकी शिष्यपरम्परा।

१ श्रीजिनदेव सूरि—आप सा० कुलधरकी पत्नी वीरिणीकी कुक्षिसे उत्पन्न हुए थे। आपने श्रीजिनसिंह सूरिजीके पास दीक्षा ग्रहण की थी। जिनप्रभ सूरिजीने इन्हें अपने पद पर स्थापित किये थे। सुलतान महमदसे जब सूरिजी मिले तब आप भी साथ ही थे। सम्राट्ने सूरिजीके साथ इनका भी बड़ा सन्मान किया था। सूरिजीके विहार करने पर आप सम्राट्के पास बहुत समय तक रहे थे और इनका सम्राट् पर अच्छा प्रभाव था। इनका उल्लेख आगे आ चुका है। आपकी रचित **कालकाचार्यकथा** प्रकाशित हो चुकी है।

२ श्रीजिनमेरु सूरि—आप श्री जिनदेव सूरिजीके शिष्य थे। इनके गुरुभाई श्रीजिनचंद्र सूरि थे।

३ श्रीजिनहित सूरि—इनका रचा हुआ एक वीरस्तवन गा० ९ (हमारे संग्रहके गुटकेमें) है। इनके प्रतिष्ठित १ पार्श्वनाथ पंचतीर्थीका लेख सं० १४४७ फा० ब० ८ सोम श्रीमाल ढोर धिरीयाराम कर्मसिंह कारित, बुद्धिसागरसूरिके धातुप्रतिमा लेखसंग्रह, भा० २, लेखांक ६१७ में प्रकाशित हो चुका है।

४ श्रीजिनसर्व सूरि

५ श्रीजिनचन्द्र सूरि—इनके प्रतिष्ठित प्रतिमा लेख, सं० १४६९, १४९१, १५०६ के उपलब्ध होते हैं।

६ श्रीजिनसमुद्र सूरि—इनकी रचित कुमारसंभव टीका, डेक्कन कालेजवाले संग्रहमें उपलब्ध है।

७ श्रीजिनतिलक सूरि—इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाओंके लेख सं० १५०८ से १५२८ तक के उपलब्ध हैं। इनके शिष्य राजहंसकी की हुई वाग्भट्टालङ्कारवृत्ति सं० १४८६ में लिखित उपलब्ध है।

८ श्रीजिनराज सूरि – इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाका लेख सं० १५६२ वै० सु० १० का प्रकाशित है।

९ श्रीजिनचन्द्र सूरि – इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाका लेख सं० १५६६ ज्येष्ठ सुदि २ और सं० १५६७ मा० सु० ५ के उपलब्ध हैं।

१०A श्रीजिनभद्र सूरि – इनकी प्रतिष्ठित प्रतिमाओंके लेख सं० १५७३ वै० सु० ५ और सं० १५६८ मि० सु० ७ के प्रकाशित हैं।

१०B श्रीजिनमेरु सूरि।

११ श्रीजिनभानु सूरि – आप श्रीजिनभद्र सूरिजीके शिष्य थे (सं० १६४१)। इसके पश्चात् आचार्य परम्पराके नाम उपलब्ध नहीं है। सं० १७२६ के नयचक्र वचनिकासे – जो कि श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी परम्पराके पं० नारायणदासकी प्रेरणासे कवि हेमराजने बनाई थी – श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी परम्परा १८ वीं शताब्दीतक चली आ रही थी, ऐसा प्रमाणित होता है।

श्रीजिनप्रभ सूरिजीकी परम्परामें चारित्रवर्द्धन अच्छे विद्वान् हुए हैं जिनके रचित **'सिन्दूर प्रकर टीका'** (सं० १५०५), **नैषधमहाकाव्य टीका, रघुवंश टीका** – आदि ग्रन्थ उपलब्ध हैं। श्रीजिनप्रभ सूरिजीके शिष्य वाचनाचार्य उदयाकरगणि, जिन्होंने विधिप्रपाका प्रथमादर्श लिखा था, रचित श्रीपार्श्वनाथकलश, गा० २४ हमारे संग्रहके गुटकेमें उपलब्ध है। दि० जैन विद्वान्, पं० बनारसीदासजी, जिनप्रभ सूरिजीके शाखाके विद्वान् भानुचन्द्रके पास प्रतिक्रमणादि पढे थे, ऐसा वे स्वयं अपनी जीवनीमें लिखते हैं।

उपसंहार–

उपर्युक्त वृत्तान्तसे, श्रीजिनप्रभ सूरिजीका जैन साहित्यमें बहुत ऊँचा स्थान है यह स्वतः प्रमाणित हो जाता है। उन्होंने सुलतान महम्मदको अपने प्रभावसे प्रभावित कर जैन समाजको निरुपद्रव बनाया, जैन तीर्थों व मन्दिरोंकी सुरक्षा की। सम्राट्को समय समय पर सत्परामर्श दे कर दीन दुःखियोंका कष्ट निवारण किया। उसकी रुचिको धार्मिक बना कर जनता पर होने वाले अत्याचारोंको रोका। जैन शासनकी तो इन सब कार्योंसे शोभा बढी ही, पर साथ साथ जन साधारणका भी बहुत कुछ उपकार हुआ।

सूरिजीने साहित्यकी जो महान् सेवा की उससे जैनसाहित्य गौरवान्वित है। उनका **विविध तीर्थकल्प** ग्रन्थ भारतीय साहित्यमें अपनी सानी नहीं रखता। इस ग्रन्थसे सूरिजीका विहार कितना सार्वत्रिक था, और पुरातन स्थानोंका इतिवृत्त संचय करनेकी उनमें कितनी बड़ी लगन थी,– यह बात इस ग्रन्थके पढने वालोंसे छिपी नहीं है। इसी प्रकार द्वयाश्रयकाव्यसे सूरिजीकी अप्रतिम प्रतिभाका अच्छा परिचय मिलता है। विधिप्रपा ग्रन्थ भी आपके श्रुतसाहित्यके गम्भीर अध्ययन और गुरुपरम्परासे प्राप्त ज्ञानका प्रतीक है। आपके निर्माण किये हुए स्तुतिस्तोत्र, स्तोत्रसाहित्यमें महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। एक ही व्यक्ति द्वारा इतने सुन्दर और वैशिष्ट्यपूर्ण अनेक स्तोत्रोंका निर्माण होना अन्यत्र नहीं पाया जाता। तपागच्छीय सोमतिलक सूरिसे मिलने पर सूरिजीने जो शब्द कहे, अपने रचित स्तोत्रोंको उन्हें समर्पित किया एवं अन्य गच्छीय विद्वानोंको शास्त्रीय अध्ययन कराया, उन्हें ग्रन्थ रचनेमें साहाय्य प्रदान किया – इन सब बातोंसे सूरिजीकी उदार प्रकृतिकी अच्छी झांकी मिलती है।

इस प्रकार विविध सत्प्रवृत्तियों द्वारा श्रीजिनप्रभ सूरिने जैन शासनकी महान् प्रभावना करके एक विशिष्ट आदर्श उपस्थित किया। मुसलमान बादशाहों पर **इतना अधिक प्रभाव डालने वालोंमें आप सर्वप्रथम हैं।** जैन धर्मकी महत्ताका और जैन विद्वानोंकी विशिष्ट प्रतिभाका सुन्दर प्रभाव डालनेका काम **सबसे पहले इन्हों-ही-ने** किया। सचमुच ही जैनधर्मके ये एक महाप्रभावक आचार्य हो गये।

जिनप्रभ सूरिकी परम्पराके प्रशंसात्मक कुछ गीत और पद

[इस शीर्षकके नीचे जो कुछ प्राचीन गीत, पद और गाथादि दिये जाते हैं वे बीकानेरके भंडारकी एक प्राचीन प्रकीर्ण पोथीमें उपलब्ध हुए हैं। यह पोथी प्रायः इन्हीं जिनप्रभ सूरिकी शिष्यपरंपरामेंके किसी यतिकी हाथकी लिखी हुई प्रतीत होती है। इसमें जो 'गुर्वावलि गाथा कुलक' लिखा हुआ मिलता है उसमें जिनहित सूरि तकका नामनिर्देश है उसके बादके किसी आचार्यका नाम नहीं है। अतः यह जिनहित सूरिके समयमें—वि० सं० १४२५–५० के अरसेमें—लिखी गई होनी चाहिए। इस पोथीमें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश और तत्कालीन देश्य भाषामें बनी हुई अनेक प्रकीर्ण रचनाओंका संग्रह है। इसी संग्रहमेंसे ये निम्नोद्धृत कृतियां, जो श्रीजिनप्रभ सूरिकी परंपराके गुरु और शिष्य रूप आचार्योंके गुणगानात्मक रूप हैं—उपयोगी समझ कर यहां पर प्रकाशित की जाती हैं। इनमें जिनप्रभ सूरिके गुणवर्णनपरक जो गीत हैं वे उसी समयके बने हुए होनेसे भाषा और इतिहास दोनोंकी दृष्टिसे उल्लेखनीय हैं। —**जिनविजय**]

[१] जिनेश्वरसूरिवधावणा गीत—

जलाउर नयरि वधावणउं।
चलु न चलु हलि सखे देखण जाहिं। गणधरु गोतमसामि समोसरिउ ॥ १ ॥
वीरजिणभवणि देवलोकु अवतरियले। सुगुरु जिणसरसुरि मुनिरयणु ॥ आंचली ॥
चतुविधि रयली समोसरणु।
चतुर्विध बइठले संघसमुदाओं। जिणसरसूरि सूध देसण करए ॥ २ ॥
दिढ पहरि ग्या[रि]सि दिण सोधियले।
सुभ लगनि सुभ मुह[र]ति महतरि पटु थापियलि। चउदह मुणिवर दिख दिनले ॥ ३ ॥
तवसिरि पिंवसिरि संजमसिरि।
नाणि दरिसणि दुद्धरु संजमु भरु लइयले। जिणसरसुरि फुड वचन समुधरिउं ॥ ४ ॥

॥ वधावणागीतं ॥

---

[२] श्रीजिनसिंहसूरि गीत—

हियडइ लाछि परी वसए चलणइ ए आविकदेवि। उठि गोरा उठि पातलए।
उठि सहिय परगलओं विहाणउ, लइ चादणु करि वादणओं ॥ १ ॥
वादणओं करि रिसभ जिणेसर, जेणइ धरमु प्रकासियओं ॥ २ ॥
वंदणडउ करि संतिजिणेसर, जिणि सरणागत राखियओं ॥ ३ ॥
वादणडउ मुणि सुव्रतसामिय, जीणइ मीतु प्रतिबोधियओं ॥ ४ ॥
वादणडउ करि नेमिजिणेसर, जेणइ जीव रखावियए ॥ ५ ॥
वादणडउ करि पासजिणेसर, जेणइ कमठु हरावियओं ॥ ६ ॥
वांदणउ करि वीरजिणेसर, जेणइ मेरु कंपावियओं ॥ ७ ॥
वांदणडउ गुरु वडउ सोहइ, जिणसिंघसूरि चारिति नीमलओं ॥ ८ ॥

॥ गीतपदानि ॥

---

[३] श्रीजिनप्रभसूरि गीत—

उदयले **खरतरगच्छ**गयणि अभिनवउ सहसकरो। सिरि **जिणप्रभसूरि** गणहरओ जंगमकलपतरो ॥ १ ॥
वंदहु भविक जना जिणसासणवणनववसंतो। छतीस गुण संजुतो वाइयमयगलदलणसीहो ॥ आंचली ॥

तेर पंचासियइ पोससुदि आठमि सणिहिं वारे । मेटिउ असपते महमदो सुगुरु ढीलियनयरे ॥ २ ॥
आपुणु पास बइसारए नमिवि आदरि नरिंदो । अभिनव कवितु वखाणिवि राय रंजइ मुणिंदो ॥ ३ ॥
हरखितु देइ राय गय तुरय धण कणय देस गाम । भणइ अनेवि जे चाहहो ते तुह दिउ इमा(म?) ॥ ४ ॥
लेइ णहु किंपि जिणप्रभुसुरि मुणिवरो अति निरीहो । श्रीमुखि सलहिउ पातसाहि विविहपरि मुणिसीहो ॥ ५ ॥
पूजिवि सुगुरु वस्त्रादिकिहिं करिवि सहियि निसाणु । देइ फुरुमाणु अनु कारवइ नव वसति राय सुजाणु ॥६॥
पाटहथि चाडिवि जुगपवरु जिणदिवसुरि समेतो । मोकलइ राउ पोसालहं वहु मलिक परिकरीतो ॥ ७ ॥
वाजहि पंच सबुद गहिरसरि नाचहि तरुण नारि । इंदु जम गइंद सठितु गुरु आवइ वसतिहिं मझारि ॥८॥
धंमधुरधवल संघवइ सयल जाचक जन दिंति दानु । संघ संजूत बहु भगतिं भरि नमहिं गुरु गुणनिधानु ॥९॥
सानिधि पउमिणि देवि इम जगि जुग जयवंतो । नंदउ **जिणप्रभसूरि** गुरु संजमसिरि तणउ कंतो ॥१०॥

॥ जिनप्रभसूरीणां गीतं ॥

[४] के सलहउ **ढीली** नयरु हे, के वरनउ वखाणू ए ।
जिणप्रभुसुरि जगि सलहीजइ, जिणि रंजिउ सुरताणू ए ॥ १ ॥
चलु सखि वंदण जाह, गुण गरुवउ जिणप्रभुसुरि ।
रलियइ तसु गुणगाह, रायरंजणु पंडियतिलओ ॥ आंचली ॥
आगमु सिद्धंतु पुराणु वखाणिइ, पडिबोहइ सब लोई ए ।
जिणप्रभसुरि गुरु सारिखउ, हो विरलउ दीसइ कोई ए ॥ २ ॥
आठाही आठमिहि चउथी, तेडावइ सुरिताणू ए ।
प्रहसितु मुख जिणप्रभुसुरि चलियउ, जिम ससि इंदु विमाणू ए ॥ ३ ॥
असपति **कुदुबुदीनु** मनि रंजिउ, दीठलि जिणप्रभसूरी ए ।
एकंतिहि मन सासउ पूछइ, रायमणोरह पुरी ए ॥ ४ ॥
गामन्तरिय पटोला गजवल, रूढउ देइ सुरिताणू ए ।
जिणप्रभसुरि गुरु कंपि न ईछइ, तिहुयणि अमलिय माणू ए ॥ ५ ॥
ढोल दमामा अरु नीसाणा, गहिरा वाजइ तूरा ए ।
इणपरि **जिणप्रभसुरि** गुरु आवइ, संघमणोरह पूरा ए ॥ ६ ॥

---

[५] मंगलु सीधिहि मंगलु साहू मंगलु आयरिय मंगलु च[उ]विहसंघ पर देवाधिदेवा ।
मंगलु राणिय तिसलादेविहि वीरजिणिंदहं जा जणणि ।
मंगलु सवसिधंतपरा मंगलु बहु लषमीइ मंगलु चविह संघ पर देवाधिदेवा ॥ आंचली ।
मंगलु रायहं कुमरहपालहं जेणि पलाविय जीव दया ॥
मंगलु सूरिहि जिणप्रभसूरिहि वाध(च ?)गजी भडिया ॥

॥ मंगल गीतं ॥

[६] श्रीजिनदेवसूरि गीत –

निरुपम गुणगणमणि निधानु संजमि प्रधानु, सुगुरु **जिणप्रभसुरि** पट उदयगिरि उदयले नवल भाणु ॥१॥
वंदहु भविय हो सुगुरु **जिणदेवसुरि** ।
ढिल्लिय वर नयरि देसण अमिय रसि वरिसए मुणिवरु जणु घणु ऊनविउ ॥ आचली ॥
जेहि कन्नाणापुर मंडणु सामिउं वीरजिणु । **महमद** राइ समप्पिउ थापिउ सुभ लगनि सुभदिवसि ॥ २ ॥
नाणि विनाणि कलाकुसले विद्यावलि अजेओ । लखण छंद नाटक प्रमाण वखाणए आगमि गुणि अमेओ ॥३॥

धनु **कुलभरु** जसु कुलि उपंनु इहु मुणिरयणु। धनु **वीरिणि** रमणि चूडामणि जिणि गुरु उरि धरिउ ॥४॥
धनु **जिणसिंघ**सूरि दिखियाओं धनु **चंद्रगच्छु**। धनु **जिणप्रभुसुरि** निजगुरु जिणि निजपाटिहि थापियाओं ॥५
इलि सखे। घणउ सोहावणिय रलियावणिय। देसण **जिणदेवसुरि** मुणिरायहं जाणउं नितु सुणउं ॥ ६ ॥
महिमंडलि धरमु समुधरए जिणसासणिहिं। अणुदिण प्रभावन करइ गणधरो अवयरिउ वयरसामि ॥ ७ ॥
वादिय मयगल दलणसीहो विमल सील धरु। छत्रीस गणधर गुण कलिउ चिरु जयउ **जिणदेवसुरि** गुरु ॥८॥

॥ श्री आचार्याणां गीतपदानि ॥

[७] सुगुरु परंपरा गीत—

खरतर गच्छि **वर्द्धमान**सुरि **जिणेसर**सूरि गुरो।
अभयदेवसूरि **जिणवल्लह**सुरि **जिणदत्तु** जुगपवरो।
सुगुरु परंपर थुणहु तुम्हि भवियहु भत्तिभरि।
सिद्धिरमणि जिम वरइ सयंवर नवियपरि ॥ आचली ॥
जिणचंदसूरि **जिणपति**सुरि **जिणेसरु** गुणनिधानु।
तदणुक्रमि उपनले सुगुरु **जिणसिंघसूरि** जुगप्रधानु ॥ २ ॥
तासु पटि उदयगिरि उदयले **जिणप्रभसूरि** भाणु।
भवियकमलपडिबोहणु मिच्छततिमिरहरणु ॥ ३ ॥
राउ **महंमदसाहि** जिणि नियगुणिरंजियाओं।
मेढमंडलि **ढिल्लिय**पुरि जिणधरमु प्रकटु किओं ॥ ४ ॥
तसु गछ धुरधरणु भयलि **जिणदेवसुरि** सूरिराओं।
तिणि थापिउ **जिणमेरुसूरि** नमहु जसु मनइ राओं ॥ ५ ॥
गीतु पवीतु जो गायए सुगुरुपरंपरह। सयल समीहि सिझहिं पुहविहिं तसु नरहं ॥ ६ ॥

॥ सुगुरु परंपरा गीतं ॥

[८] गुर्वावली गाथा कुलक—

वंदे सुहंमसामिं जंबूसामिं च पभवसूरिं च। सिज्जंभव-जसभद्दं अज्जसंभूयं तहा वंदे ॥ १ ॥
तह भद्दबाहुसामिं च थूलभद्दं जईजि(ज)णवरिट्ठं। अज्ज महा[गि]रिसूरिं अज्जसुहत्थिं च वंदामि ॥ २ ॥
तह संतिसूरि-हरिभद्दसूरिं मं(सं)डिल्लसूरिजुगपवरं। अज्जसमुद्दं तह अज्जमंगु अज्जधम्मं अहं वंदे ॥ ३ ॥
भद्दगुत्तं च वइरं च अज्जरक्खियमुणिवरं। अज्जनंदिं च वंदामि अज्जनागहत्थिं तहा ॥ ४ ॥
रवेय-खंडिल्ल-हिमवंत-नाग-उज्जोयसूरिणो वंदे। गोविंद-भूइदिन्ने लोहच्चिय-दूससूरिओं ॥ ५ ॥
उमासाइवायगे वंदे वंदे जिणभद्दसूरिणो। हरिभद्दसूरिणो वंदे वंदे हं देवसूरिं पि ॥ ६ ॥
तह नेमिचंदसूरिं उज्जोयणसूरिपभिइणो वंदे। तह वद्धमाणसूरिं सूरिसिरिजिणेसरं वंदे ॥ ७ ॥
जिणचदं अभयसूरिं सूरिजिणवल्लहं तहावंदे। जिणदत्तं जिणचंदं जिणवइ य जिणेसरं वंदे ॥ ८ ॥
संजमसरसइनिलयं सुमुणीण तित्थभरधरणं। सुगुरुं गणहररयणं वंदे **जिणसिंह**सूरिमहं ॥ ९ ॥
जिणपहसूरिमुणिंदो पयडियनीसेसतिहुयणाणंदो। संपइ जिणवरसिरिवद्धमाणतित्थं पभावेइ ॥ १० ॥
सिरि**जिणपह**सूरीणं पट्टंमि पइट्ठिओ गुणगरिट्ठो। जयइ **जिणदेव**सूरी नियपन्नाविजयसुरसूरी ॥ ११ ॥
जिणदेवसूरिपट्टोदयगिरिचूडाविभूसणे भाणू। **जिणमेरु**सूरिसुगुरू जयउ जए सयलविज्जनिही ॥ १२ ॥
जिणहितसूरिमुणिंदो तप्पट्टे भवियकुमुयवणचंदो। मयणकरिकुंभविहडणदुद्धरपंचाणणो जयउ ॥ १३ ॥
सुगुरुपरंपरगाहाकुलयमिणं जे पढेइ पच्चूसे। सो लहइ मणोवंछियसिद्धिं सव्वं पि भवजणे ॥ १४ ॥

॥ इति गुर्वावलीगाथाकुलकं समाप्तं ॥ छ ॥

अर्हम्

खरतरगच्छालङ्कारश्रीजिनप्रभसूरिकृता

विधि प्रपा

नाम

सुविहितसामाचारी ।

नमिय महावीरजिणं[1], सम्मं सरिउं गुरूवएसं च[2] ।
सावय-मुणिकिच्चाणं सामायारिं लिहामि अहं ॥ [१]

§ १. सम्मत्तमूलत्तेण गिहिधम्मकप्पतरुणो पढमं सम्मत्तारोहणविही भण्णइ – तत्थ जिणभवणे समोसरणे वा सुहेसु तिहि-मुहुत्ताइएसु उवसमाइगुणगणासयस्स[3] उवासयस्स विसिट्ठकयनेवत्थस्स चंदणरसरइय-भालयलतिलयस्स जहासत्ति निव्वत्तियजिणनाहपूओवयारस्स अखंडअक्खयाणं वड्ढंतियाहिं तिहिं मुट्ठीहिं गुरू अंजलिं भरेइ । सन्निहियसावओ साविया वा तदुवरि पसत्थफलं नालिकेराइ धारेइ । तओ नवकार-पुव्वं समोसरणं तिपयाहिणी काउं सावओ इरियावहियं पडिक्कमिय खमासमणं दाउं भणइ – 'इच्छा-कारेण तुब्भे अम्हं सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयआरोवणत्थं चेइयाइं वंदावेह ।' गुरू भणइ – 'वंदावेमो ।' पुणो खमासमणं दाउं – 'इच्छाकारेण तुब्भे अम्हं सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयआरोवणत्थं वासनिक्खेवं करेह'त्ति भणइ । तओ 'करेमी'ति भणित्ता निसिज्जासीणो कयसकलीकरणो सूरिमंतेण इयरो वद्धमाण-विज्जाए वासे अभिमंतिय तस्स सिरे देइ; चंदणक्खए य रक्खं च करेइ । तओ तं वामपासे ठवित्ता वड्ढंति[4]-याहिं थुईहिं संघसहिओ गुरू देवे वंदइ । चउत्थथुईअणंतरं सिरिसंतिनाह–संतिदेवया–सुयदेवया–[5]भवणदेवया–खेत्तदेवया–अंबा–पउमावई-चक्केसरी-अच्छुत्ता-कुबेर-बंभसंति-गोत्तसुरा-सक्काइवेयावच्चगराणं नवकारचिंतणपुव्वं[6] थुईओ । इत्थ य अंबाथुइं जाव थुईओ अवस्सदायव्वाओ । सेसाणं न नियमु त्ति गुरूवएसो । अम्हाणं पुण पउमावई गच्छदेवय त्ति तीसे थुई अवस्सदायव्वा । तओ सासणदेवयाकाउ-स्सग्गे चउरो उज्जोयगरा पणुवीसुस्सा चिंतिज्जंति । तओ गुरू पारित्ता थुइं देइ । सेसा काउस्सग्गट्ठिया सुणंति । तओ सव्वे पारित्ता उज्जोयगरं पढित्ता नवकारतिगं भणित्ता जाणूसु भविय सक्कत्थयं भणंति । 'अरिहाणा'दि थुत्तं गुरू भणइ । तओ 'जयवीयराय' इच्चाइ पणिहाणगाहादुगं सव्वे भणंति । इच्चेसा पक्रिया सव्वनंदीसु तुल्ला; णवरं तेण तेण अभिलावेणं । तओ खमासमणं दाउं सड्ढो भणइ – 'इच्छाकारेणं तुब्भे अम्हं सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयआरोवणत्थं काउस्सग्गं करावेह ।' गुरू भणइ – 'करावेमो' । पुणो खमासमणं दाउं भणइ – 'सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयआरोवणत्थं करेमि काउस्सग्गं'ति । तओ काउस्सग्गे सत्तावीसु-स्सासं उज्जोयगरं चिंतिय पारित्ता मुहेण भणइ सव्वं । गुरू वि काउस्सग्गं करेइ त्ति [illegible] । तओ खमासमणं

---

1 B वीरजिणं । 2 B वा । 3 B °गणायरस्स । 4 B वड्ढंतयाहिं । 5 B भुवण° । 6 A [illegible] ।

दाउं भणइ—'इच्छाकारेण तुब्भे अम्हं सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयसुत्तं उच्चारावेह' त्ति। गुरू भणइ—'उच्चारावेमो'। तओ नवकारतिगं भणित्तु वारतिगं दंडगं भणावेइ। जहा—'अहं णं भंते तुम्हाणं समीवे मिच्छत्ताओ पडिक्कमामि; सम्मत्तं उवसंपज्जामि। नो मे कप्पइ अज्जप्पभिइ अन्नतित्थिए वा, अन्नतित्थियदेवयाणि वा, अन्नतित्थियपरिग्गहियाणि अरहंतचेइयाणि वा; वंदित्तए वा, नमंसित्तए वा, पुव्विं अणालत्तएणं आलवित्तए वा, संलवित्तए वा; तेसिं असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा, दाउं वा अणुप्पयाउं वा, तेसिं गंधमल्लाइं पेसेउं वा, नन्नत्थ रायाभिओगेणं, गणाभिओगेणं, बलाभिओगेणं, देवयाभिओगेणं, गुरुनिग्गहेणं, वित्तीकंतारेणं;—तं च चउव्विहं, तं जहा—दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ। तत्थ दव्वओ—दंसणदव्वाइं अहिगिच्च; खित्तओ जाव भरहम्मि मज्झिमखंडे; कालओ जाव जीवाए; भावओ जाव छलेणं न छलिज्जामि, जाव सन्निवाएणं न भुज्जामि, जाव केणइ उम्मायवसेण एसो मे दंसणपालणपरिणामो न परिवडइ; ताव मे एसो दंसणाभिग्गहो त्ति'॥ तओ सीसस्स सिरे वासे खिवेइ। तओ निसिज्जोवविट्ठो गुरू सकलीकरणरक्खामुद्दापुव्वयं अक्खए अभिमंतिय उवरिं पणव(ॐ)—भुवणेसर(ह्रीँ)—लच्छी(श्रीँ)—अरहंतबीयाइं* हत्थेण लिहित्ता, लोगुत्तमाण पाए सुगंधे खिवित्ता, संघस्स देइ।

पंचपरमिट्ठिमुद्दा, सुरही-सोहग्ग-गरुडवज्जा य।
मुग्गरकरा य सत्तओ एया अक्खयपयाणं मि॥ [२]

§२. तओ खमासमणं दाउं सावओ भणइ—'इच्छाकारेण तुब्भे अम्हं सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयं आरोवेह'। गुरू भणइ—'आरोवेमो'। पुणो वंदिऊण सीसो भणइ—संदिसह किं भणामो?'। गुरू भणइ 'वंदित्ता पवेयह'। पुणो वंदिऊण सीसो भणइ†—'इच्छाकारेण तुब्भेहिं अम्हं सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयं आरोवियं?'। एवं पण्हे कए गुरू भणइ—'आरोवियं'। ३ खमासमणाणं; हत्थेणं, सुत्तेणं, अत्थेणं, तदुभएणं सम्मं धारणीयं चिरं पालणीयं। सीसो भणइ—'इच्छामो अणुसट्ठिं'। पुणो वंदिय भणइ—'तुम्हाणं पवेइयं; संदिसह साहूणं पवेएमि'। गुरू भणइ—'पवेयह'। तओ खमासमणं दाउं नमोक्कारं पढंतो पयाहिणं करेइ। 'गुरुगुणेहिं वड्ढाहि; नित्थारपारगा होहि'—त्ति भणंतो गुरू संघो य वासक्खए खिवेइ। एवं जाव तिन्नि वारा। तओ वंदित्ता भणइ—'तुम्हाणं पवेइयं, साहूणं पवेइयं;[1] संदिसह काउस्सग्गं करेमि'। गुरू आह—'करेह'। तओ खमासमणपुव्वं 'सम्मत्तसामाइय-सुयसामाइयथिरीकरणत्थं करेमि काउस्सग्गं'त्ति। सत्तावीसुस्सासं काउस्सग्गं काउं चउवीसत्थयं च भणिय गुरुं तिपयाहिणी करेइ। तओ गुरू लग्गवेलाए—

इय मिच्छाओ विरमिय सम्मं उवगम्म भणइ गुरुपुरओ।
अरहंतो[2] निस्संगो मम देवो दक्खिणा ‡साहू॥ [३]

इइ वारतियं भणावेइ। विणेओ वि तत्थ दिणे एगासणगाइ जहसत्ति तवं करेइ। तओ खमासमणं दाउं भणइ—'इच्छाकारेण तुब्भे अम्हं धम्मोवएसं देह'। तओ गुरू देसणं करेइ।

भूएसु जंगमत्तं, तत्तो पंचिंदियत्तमुक्कोसं।
तेसु विय माणुसत्तं, मणुसत्ते आरिओ देसो॥ [४]
देसे कुलं पहाणं, कुले पहाणे य जाइमुक्कोसा।
तीय वि रूवसमिद्धी, रूवे य बलं पहाणयरं॥ [५]

---

* 'बीजानि पदानि ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमः इत्यमूनि।' इति टिप्पणी A आदर्शे। † द्वितारकान्तर्गतः पाठो नोपलभ्यते B आदर्शे। 1 नास्ति B आदर्शे। 2 B अरिहंतो। ‡ 'सरला निष्कपटा इत्यर्थः।' इति A आदर्शे टिप्पणी।

होइ बले विय जीयं, जीए वि पहाणयं तु विन्नाणं ।
विन्नाणे सम्मत्तं, सम्मत्ते सीलसंपत्ती ॥ [६]
सीले खाइयभावो, खाइयभावेण केवलं नाणं ।
केवलिए पडिपुन्ने, पत्ते परमक्खरे मोक्खे ॥ [७]
पन्नरसंगो एसो समासओ मोक्खसाहणोवाओ ।
इत्थं बहु पत्तं ते थेवं संपावियव्वं ति ॥ [८]
तो तह कायव्वं ते जह तं पावेसि थोवकालेणं ।
सीलस्स नऽत्थऽसज्झं जयंमि तं पावियं तुमए-त्ति ॥ [९]

पुरिसो जाणुट्ठिओ इत्थियाओ उद्धट्ठियाओ सुणंति । जिणपूयणाइ[1]अभिग्गहे य गुरू देइ । जिणपूया कायव्वा । दव्वभावभिन्ने लोइय-लोउत्तरिए अणाययणे न गंतव्वं । परतित्थे तव-न्हाण-होमाइ धम्मत्थं न कायव्वं । लोइयपव्वाइं गहण-संकंति-उत्तरायण-दुवट्ठमी-असोयट्ठमी-करगचउत्थी-चित्तट्ठमी-महानवमी-विहिसत्तमी-नागपंचमी-सिवरत्ति-वच्छबारसि-दुद्धबारसि-ओघबारसि-नवरत्तपूआ-होलियपयाहिणा-बुहअट्ठमी-कज्जलतइया-गोमयतइया-हलिद्दुव[2]चउद्दसी-अणंतचउद्दसी-सावणचंदण[3]छट्ठी-अक्कछट्ठी-गोरीभत्त-रविरहनिक्खमणपमुहाइं न कायव्वाइं । तहा कज्जारंभे विणायगाइनामग्गहणं, ससिरोहिणिगेयं, वीवाहे विणायगठवणं, छट्ठीपूयणं, माऊणं ठावणा, बीयाचंदस्स दसियादाणं, दुग्गाईणं ओवाइयं, पिंडपाडणं, थावरे पूया, माऊणं मल्लगाइं, रवि-ससि-मंगलवारेसु तवो, रेवंत-पंथदेवयाणं पूया, खेत्ते सीयाइअच्चणं, सुन्निणि-रुप्पिणि-रंगिणिपूया, माहे घयकंबलदाणं तिलदब्भदाणेण जलंजली, गोपुच्छे करुस्सेहो, सवत्ति-पियरपडिमाओ, भूयमल्लगं, सद्ध-मासिय-वरिसिय[5]करणं, पव[6]दाणं, कन्नाहलग्गहो, जलघडदाणं, मिच्छदिट्ठीणं लाहणयदाणं, धम्मत्थं कुमारियाभत्तं, संडविवाहो, पियरहं नईकूवाइ-खणणपइट्ठोवएसो, वायस-विरालाइपिंडदाणं, तरुरोवण-वीवाहो, तालायरकहासवणं, गोधणाइपूया, धम्मम्मिठयकरणं, इंदयाल-नडपिच्छण-पाइक्क-महिस-मेसाइ-जुज्झ-भूयखिल्लणाइदरिसणं, मूल-असिलेसाजाए बाले बंभणाहवण-तव्वयणकरणं, - एमाइ मिच्छत्तठाणाइं परिहरियव्वाइं । सक्कत्थएण वि तिकालं चीवंदणं कायव्वं । छम्मासं जाव दोवाराओ संपुण्णा चीवंदणा कायव्वा । नवकाराणं च अट्ठुत्तरं सयं गुणेयव्वं । बीयापंचमी-अट्ठमी-एगारसीए चउदसीए उद्दिट्ठपुन्निमासु दोक्कासणाइतवं । जा जीवं चउवीसं नवकारा गुणेयव्वा । पंचुंबरी-मज्ज-मंस-महु-मक्खण-मट्टिया-हिम-करग-विस-राईभत्त-बहुबीय-अणंतकाय-अत्थाणय-घोलवडय-वाइंगण-अमुणियनामपुप्फ-फल-तुच्छ-फल-चलियरस-दिणदुगातीयदहिमाईणि वज्जेयव्वाइं । संगरफलिया-मुग्ग-मउट्ठ-मास-मसूर-कलाय-चणय-चवलय-वल्ल-कुलत्थ-मेत्थिया-कंडुय-गोयारमाइ बिदलाइं आमगोरसेण सह न जिमेयव्वाइं । एएसिं रायत्तयं न कायव्वं । निसिन्हाणं, अच्छाणियजलेण य दहाइसु न्हाणं, अंदोलणं, जीवाणं जुज्झावणं, साहम्मिएहिं सद्धिं धरणगाइविरोहो, तेसुं च सीयंतेसुं सइविरिएऽभोयणं, चेइयहरे अणुचियगीयनट्टं निट्ठीवणाइआसायणाओ, देवनिमित्तं थावरपाउग्गकूवारामकरणाणि य वज्जणिज्जाइं । उस्सुत्तभासगलिंगीणं कुतित्थियाणं च वयणं न सद्दहेयव्वं । एमाइ अभिग्गहा गुरुणा दायव्वा । सो वि तम्मि दिणे साहम्मियवच्छल्लं सुविहियाणं च वत्थाइपडिलाहणं करेइ त्ति ॥

॥ सम्मत्तारोवणविही समत्तो ॥ १ ॥

1 B पूयणाव । 2 B हलिद्दुव° । 3 B वंदिण° । 4 B °दब्भदाणं दाणे जलं° । 5 B °वीरसिय° । 6 A पव्वादाणं ।

§ ३. पडिवन्नसम्मत्तस्स य पइदिणं देव–गुरु–पूया–धम्मसवणपरायणस्स देसविरइपरिणामे जाए बारस-वयाइं आरोविज्जंति । तत्थ इमो विही–

गिहिधम्मे चीवंदण, गिहिवयउस्सग्गयइवउच्चरणं ।
जहसत्ति वयग्गहणं, पयाहिणुस्सग्गदेसणया ॥ [१०]

5 हत्थट्ठियपरिग्गहपरिमाणटिप्पणयस्स य । वयाभिलावो जहा–'अहं णं भंते तुम्हाणं समीवे थूलगं पाणाइवायं संकप्पओ निरवराहं पच्चक्खामि । जावज्जीवाए दुविहं तिविहेणं, मणेणं वायाए कायेणं, न करेमि न कारवेमि । तस्स भंते पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि' त्ति वारतिगं भणियव्वं । एवं, अहं णं भंते तुम्हाणं समीवे थूलगं मुसावायं जीहाच्छेयाइहेउयं कन्नालियाइपंचविहं पच्चक्खामि । दक्खिन्नाइअविसए अहागहियभंगएणं । एवं थूलगं अदिन्नादाणं खत्तखणणाइयं चोरंकारकरं रायनिग्गह-10 कारयं सचित्ताचित्तवत्थुविसयं पच्चक्खामि । एवं, ओरालियवेउव्वियभेयं थूलगं मेहुणं पच्चक्खामि, अहा-गहियभंगएणं । तत्थ दुविहतिविहेणं दिव्वं, तेरिच्छं एगविहतिविहेणं, माणुस्सयं एगविहएगविहेणं वोसि-रामि । अहं णं भंते परिग्गहं पडुच्च अपरिमियपरिग्गहं पच्चक्खामि । धणधन्नाइ–नवविह–वत्थुविसयं इच्छापरिमाणं उवसंपज्जामि, अहागहियभंगएणं । एवं गुणव्वयवए दिसिपरिमाणं पडिवज्जामि । उवभोग-परिभोगवए भोयणओ अणंतकाय–बहुबीय–राइभोयणाइं परिहरामि । कम्मओ णं पन्नरसकम्मादाणाइं 15 इंगालकम्माइयाइं बहुसावज्जाइं खरकम्माइयं रायनिओगं च परिहरामि । अणत्थदंडे अवज्झाण-पावोवएस-हिंसोवकरणदाण-पमायायरियरूवं चउविहं अणत्थदंडं जहासत्तीए परिहरामि । अहं णं भंते तुम्हाणं समीवे सामाइयं पोसहोववासं देसावगासियं अतिहिसंविभागवयं च जहासत्तीए पडिवज्जामि । इच्चेयं सम्मत्तमूलं पंचाणुव्वइयं सत्तसिक्खावइयं दुवालसविहं सावगधम्मं उवसंपज्जित्ता णं विहरामि ।' पयाहिणा-वासदाणाइयं सेसं पुव्विं व दट्ठव्वं ॥

20 § ४. पुव्वोल्लिंगियं परिग्गहपरिमाणटिप्पणं च गाहाहिं वित्तेहिं वा अत्थओ एवं लिहिज्जइ–'वीराइअन्नयरं जिणं नमिसु, सम्मत्तमूलं गिहत्थधम्मं पडिवज्जामि । तत्थ अरहं[1] मह देवो । तदाणाठियसाहू गुरुणो । जिणमयं पमाणं । धम्मत्थं परतित्थे तव–दाण–न्हाण–होमाइ न करेमि । सक्कत्थएण वि तिकालं चीवंदणं काहं ।

पाणिवह–मुसावाए अदत्त–मेहुण–परिग्गहे चेव ।
25 **दिसि–भोग–दंड–समइय–देसे तह पोसह–विभागे ॥ [११]**

